
*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 सितंबर, 2024
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 316

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही







### मंईयां सम्मान योजना समारोह में सीएम हेमंत सोरेन की बड़ी घोषणा

# अब 18 साल की उम्र से ही मिलेगा लाभ

- **हिमंता विस्वा सरमा पर हमला, कहा : असम सरकार करा रही है घुसपैठ**
- **उत्पाद सिपाही दौड़ में शामिल युवाओं की मौत का कारण गलत कोरोना वैक्सीन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की बेटियों को अब 18 साल की होते ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिलने लगेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह घोषणा की। वह रांची के नामकुम स्थित प्रशिक्षण स्थल खोजाटोली मैदान से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच सम्मान राशि वितरण समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत फिलहाल 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है, अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। अब इसका लाभ 18 वर्ष की उम्र से ही बहनों-मंईयां को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में प्रत्येक परिवार को एक-एक लाख रुपये दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री



द्वारा बटन दबा कर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के लाभुकों के बीच डीबीटी के माध्यम से 70 करोड़ 49 लाख 27 हजार रुपये जारी किये गये।

**असम सरकार करा रही है बांग्लादेशी घुसपैठ :** हेमंत सोरेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि वह फुर्र से झारखंड चले आते हैं। सिर्फ हिंदू-मुसलमान करते रहते हैं। सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कई डिग्री है उनके पास। कभी सरकार गिराने की कोशिश करते हैं। हेमंत ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। ऊपर से खुद कहते हैं कि ये लोग असम के रास्ते देश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच रहे हैं। अब सवाल है कि वे घुसपैठियों को रास्ता क्यों दे रहे हैं। (पेज 3 भी देखें)

### युवाओं की मौत के लिए गलत कोरोना वैक्सीन जिम्मेदार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान युवाओं की मौत पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि आजकल तो चलते-फिरते लोग मर जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण कोरोना टीका है। गलत टीका युवाओं की जान ले रहा है। अब तो कम उम्र के लोग साधारण बीमारी में जान गंवा दे रहे हैं। जिस टीका को पूरी दुनिया में नकार दिया था, उसे जबरदस्ती देशवासियों को ठुकवा दिया। सिर्फ चंदा वसूली के लिए भाजपा वालों ने ऐसा किया। भाजपा के लोग इतना मीठा बोलते हैं कि गुड़ भी फेल हो जाये। लेकिन इनके मिठेपन में जहर घुला रहता है।

### विपक्ष के लोगों ने टीन का चश्मा लगाया है

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत हजारों युवाओं ने स्वरोजगार शुरू किया है। हमने लाखों परिवारों की 200 यूनिट बिजली फ्री की। उन सभी लोगों का बकाया बिजली बिल भी माफ किया जा रहा है। हजारों युवाओं को हमने नौकरी देने का भी काम किया। विपक्ष के लोगों ने टीन का चश्मा लगाया है, इन्हें कुछ नहीं दिखता।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन पर साधा निशाना, कहा

# नौजवान मर रहे और हेमंत नाच रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राजभवन के पास धरने पर बैठे झारखंड प्रदेश मुखिया संघ, झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ, झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ, झारखंड व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना। ज्ञापन लिये और भाजपा सरकार बनने पर उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा।

**अभ्यर्थी मर रहे और मुख्यमंत्री नाच रहे हैं :** बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सरकार को जनता की समस्याओं के समाधान से कुछ भी लेना देना नहीं है। आप सब हेमंत सरकार से उम्मीद नहीं करें। यह सरकार केवल लूटने, लुटवाने के लिए बनी है। हेमंत सरकार कानून से नहीं, बल्कि पंकज मिश्रा, पिंटू, प्रेम प्रकाश जैसे दलाल-बिचौलियों से चल रही है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ अराजकता का माहौल है। राज्य के 15 होनहार युवा सरकार के गलत निर्णय के कारण दौड़ते-दौड़ते अपनी जान गवां बैठे। जान गंवानेवालों के परिजन बिलख रहे हैं और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में झारखंड भवन के उदघाटन अवसर पर नाच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे दुखद बात और क्या हो सकती है।

इस मौके पर उनके साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, रमाकांत महतो और शोभा यादव मौजूद थे। (पेज 5 भी देखें)



### हेमंत सरकार ने ग्रामसभा को कमजोर किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद ग्रामसभा पर टिकी है। हेमंत सरकार ग्रामसभा को कमजोर कर सारे अधिकार को अपने अधिकार में रखना चाहती है। धरना की स्थिति तब पैदा होती है, जब सरकार समस्याओं को सुनना नही चाहती। भाजपा मुखिया संघ के धरना के साथ खड़ी है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 67,200 रु./10 ग्राम
चांदी 84,000 रु./प्रति किलो



# बहरागोड़ा, घाटशिला और पोटका में झामुमो-भाजपा में सीधी टक्कर

## ■ अभी तीनों विस सीट पर है झामुमो का कब्जा, टिकट को लेकर, झामुमो में संदेह नहीं, भाजपा में झकझूमर

## ■ मेरे पैरों में घुंगरू बंधा दे, तो फिर मेरी चाल देख ले-भाजपाई टिकटार्थी

## ■ तीनों सीट पर बड़ा फैक्टर साबित होंगे अर्जुन मुंडा और सांसद विद्युत वरण महतो

**झारखंड में विधानसभा का चुनाव अगले दो-तीन महीने मे अवश्यंभावी है। जाहिर है कि अलग-अलग राजनीतिक दल ज्यादा से ज्यादा सीटें अपनी झोली मे डालने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इस क्रम मे खास बात यह भी कि इंडी गठबंधन और एनडीए लगातार सर्वे भी कर रहे हैं कि कौन दावेदार कितना प्रभावी होगा। किस विस क्षेत्र में कौन सा उम्मीदवार जिताऊ साबित होगा, मौका उसे ही मिलेगा। कोई कितने साल से दल का झंडा ढो रहा है या कोई हाल-फिलहाल एक दल से दूसरे दल में आया है, इससे कुछ खास फर्क नहीं पड़ने वाला है शीर्ष नेतृत्व को। बस, उम्मीदवारी उसी के हिस्से में आनी है, जो पार्टी को सीट निकाल कर दे सके। इसी मूलमंत्र को लेकर चल रही हैं राज्य की सभी प्रमुख पार्टियां। बहरहाल क्या है जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पड़नेवाली बहरागोड़ा, घाटशिला और पोटका विधानसभा सीट की वर्तमान चुनावी फिजा की तस्वीर बता रहे हैं आजाद सिपाही के संवाददाता अरुण सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष

### समीर मोहंती के खिलाफ भाजपा का उम्मीदवार कौन, अभी स्पष्ट नहीं




**पश्चिम** बंगाल और ओड़िशा की सीमा पर अवस्थित बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र कभी सीपीआइ का लाल दुर्ग माना जाता था। वर्ष 2000 के चुनाव में भाजपा की झोली में इस सीट को डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी ने डाला था। वह लगातार दो दफा चुनाव जीते थे। 2009 में झामुमो के विद्युत वरण महतो ने डॉक्टर साहब का विजय रथ रोक दिया था। 2014 के शुरुआती महीने में विद्युत बाबू भाजपा में आ गये और अब लगातार तीसरी बार सांसद बने हैं। इन्हें तो भाजपा रास आयी, लेकिन समीर मोहंती और कुणाल षाड़ंगी भाजपा से लंबे समय तक तालमेल बिठा कर नहीं रख सके। 2019 के चुनाव में तब के झामुमो विधायक कुणाल षाड़ंगी ने भगवा धारण कर लिया, भाजपा के टिकट पर लड़े, लेकिन हार गये। जब कुणाल भाजपा में आ गये, तो समीर मोहंती झामुमो में चले गये। समीर को टिकट मिला और पहुंच गये विधानसभा। अब एक बार फिर से 2024 का विस चुनाव सामने है। राजनीतिक परिदृश्य काफी हद तक बदल चुका है। कुणाल षाड़ंगी भाजपा से इस्तीफा दे चुके हैं और फिलहाल किसी दल में नहीं हैं। उनके सामर्थको की मानें तो ऊर्जावान और युवा रोल मॉडल कहे जाने वाले कुणाल निर्दलीय चुनावी रण में कूदने की तैयारी कर रहे हैं। वैसे जानकारों की माने तो कुणाल बड़े हड़बडियां हैं। उनमें सब्र की कमी है। वह 2019 में भाजपा से टिकट के लिए ही नहीं, जीत की उम्मीद से भी गये थे। उन्हें लगा था कि शायद जेएमएम के टिकट पर वह हार जायें। लेकिन वह भाजपा के टिकट से जेएमएम के प्रत्याशी, जो पहले भाजपा में थे, समीर मोहंती से चुनाव हार गये। कुणाल ने लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए खूब प्रयास किया, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। उसके बाद उन्होंने भाजपा छोड़ दी। इस फैसले को लेकर जानकार कह रहे हैं कि कुणाल ने जल्दबाजी कर दी। फिलहाल कुणाल पूरे क्षेत्र में अपनी टीम के साथ लोगों से संपर्क कर रहे हैं। विशेषकर यूथ और पहली बार वोट डालनेवालों पर उनकी नजर है। लेकिन झामुमो या कोई अन्य प्रभावी दल उन्हें अपना उम्मीदवार बनायेंगे, तो उन्हें परहेज भी नहीं। कुल मिलाकर, कुणाल का चुनाव लड़ना तय है। समीर मोहंती विधायक हैं। रिकॉर्ड वोट से जीत कर आये हैं। झामुमो उनके स्थान पर किसी और को टिकट देगा, संदेह है। रही भाजपा की बात, तो डॉ दिनेशानंद गोस्वामी यहां से प्रबल दावेदार हैं। 2014 में पार्टी टिकट पर लड़े थे, हार गये। 2019 में पार्टी ने कुणाल को आजमाया और वह भी पराजित हुए। अब गोस्वामी के अलावे काजल प्रधान, राहुल षाड़ंगी, काबू दत्ता, जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव के नाम की भी चर्चा है। एक और नाम यहां चर्चा में है-डॉ संजय गिरी का। क्षेत्र में सक्रिय हैं, तेजी से पैठ बन रही इनकी। लेकिन अभी तक स्पष्ट नहीं है कि दलीय या निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। वैसे अभी तक झामुमो की तरफ से तो यही लग रहा है कि समीर मोहंती ही प्रत्याशी हैं, लेकिन भाजपा का चेहरा साफ नहीं हो रहा है। टिकट आवंटन के समय ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### रामदास सोरेन पर ही दांव लगायेगा झामुमो, भाजपा से लखन मार्डी या लक्ष्मण टुडू का हो रहा इंतजार

जैसे बहरागोड़ा विस क्षेत्र खेती और शिक्षा के मामले में अव्वल है, वैसे ही घाटशिला विस क्षेत्र यूरेनियम और कॉपर जैसी खनिज संपदा के लिए मशहूर है। इस विस क्षेत्र का गुड़ाबांदा एरिया में भरपूर मात्रा में पन्ना, क्वार्जाइट एवं क्वाट्र्ज जैसे बेशकीमती पत्थर पाये जाते हैं। स्वर्णरेखा, गुर्रा, शंख एवं खरसाती नदी यहां से गुजरती है। बावजूद इसके किसानों को खेती के लिए समुचित जल मयस्सर नहीं होता। स्वर्णरेखा मल्टी परपस प्रोजेक्ट की नहर का पानी दूर से ही देख कर यहां के किसान संतोष कर लेते हैं। नहर का पानी फसल तक पहुंचे, परियोजना शुरू होने के 35-40 साल बाद भी इसकी समुचित व्यवस्था नहीं हो पायी है।

अब ये बात अलग है कि इन सबके बावजूद बेरोजगारी-गरीबी यहां की बड़ी समस्या है। कॉपर माइंस बंद पड़ी हैं। इसका दोषारोपण भाजपा और झामुमो एक दूसरे पर करते नहीं थकते। समग्र विकास के मामले में घाटशिला भले ही पिछड़ा हो, किंतु राजनीति के मामले में बहुत ही फारवर्ड है। यहां फिलवक्त रामदास सोरेन झामुमो के विधायक हैं और सप्ताह भर पहले ही मंत्री बने हैं। इस सीट पर झामुमो से टिकट हथियाने के लिए कोई दूसरा नाम सामने नहीं आया है। बस, रामदास बाबू एकमात्र टिकटार्थी हैं । वैसे तो अंदरखाने टिकट की चाह कुछ नेताओं को जरूर है, सामने आने का साहस कहिये या कुछ और खुल कर कोई नेता हाथ-पैर नहीं मार रहा। जाहिर सी बात है कि आसन्न चुनाव में भी प्रत्याशी को लेकर झामुमो में ना खींचतान है और ना ही गुटबाजी। सांगठनिक दृष्टिकोण से भी देखें तो झामुमो में ज्यादा उठापटक नहीं है।

इसके उलट प्रमुख विपक्षी दल भाजपा में टिकट पाकर चुनाव लड़ने की आस पाले नेताओं की लंबी कतार है। आजादी के बाद के चुनावों में कांग्रेस, झारखंड पार्टी, सीपीआइ, फिर कॉग्रेस के कब्जे में रही घाटशिला विस सीट। वर्ष 2009 में रामदास सोरेन इस सीट को झामुमो के पाले में लेकर आये थे, लेकिन अगले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण टुडू के सहारे पहली बार यहां भगवा लहराया था। घाटशिला सीट पर तब भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने विशेष रुचि दिखलायी थी और रिजल्ट पार्टी के पक्ष में रहा था। लेकिन 2019 के चुनाव में भाजपा ने लक्ष्मण टुडू को दरकिनार करके युवा एवं स्थानीय नेता लखन मार्डी को टिकट थमा दिया। कोल्हान की सभी चौदह विस सीटें भारतीय जनता पार्टी हार गयी। लेकिन तब घाटशिला के भाजपा प्रत्याशी लखन मार्डी सवसे कम वोट के अंतर से चुनाव हारे थे। लखन को इस चुनाव में टिकट पाने में इस बात का लाभ मिलने की संभावना है, तो दूसरी तरफ, सीटिंग विधायक रहते लक्ष्मण टुडू को पार्टी सिंबल से अलग रख दिया गया था और पार्टी को सीट गंवानी पड़ी, इसका फायदा टिकट बंटवारे में इस बार इन्हें मिलेगा, ऐसी उम्मीद उनमें बरकरार है। इन दोनों के अलावे जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, गीता मुर्मू, डॉ सुनीता देबदूत सोरेन, जिला पार्षद देवयानी मुर्मू, पद्मश्री जमुना टुडू, जिला पार्षद सुभास सिंह, बुद्धेश्वर मार्डी, मुसाबनी के ब्लॉक प्रमुख रामदेव हेम्ब्रम ने भी अपना-अपना दावा पेश कर रखा है ।

इस क्रम में ध्यान देनेवाली बात ये भी है कि वर्ष 1995 से 2004 तक यानी तीन बार कांग्रेस का विधायक और झारखंड में कांग्रेस का सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रह चुके डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने भी घाटशिला सीट से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी फोरम में आवेदन दिया है। 2009 में हारने के बाद पार्टी ने इन्हें राज्यसभा भेजा था, तो 2014 के चुनाव में डॉ बलमुचू ने अपनी बेटी डॉ सिंद्रेला बलमुचू को मैदान में उतारा था। 2019 में डॉ प्रदीप बलमुचू घाटशिला सीट पर कांग्रेस के सिंबल पर लड़ना चाहते थे। गठबंधन के तहत घाटशिला सीट झामुमो के हिस्से में थी। जब पार्टी ने टिकट देने से मना कर दिया तो बलमुचू आजसू पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे, लेकिन काफी वोटों से पिछड़ गये।

कुल मिलाकर, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित घाटशिला सीट पर मुख्य मुकाबला झामुमो- भाजपा के बीच ही होना तय है। झामुमो शत-प्रतिशत रामदास सोरेन पर भरोसा करेगा। भाजपा की पसंद कौन प्रत्याशी होगा, अभी स्पष्ट नहीं। लेकिन यह सीट अगर भाजपा जितना चाहती है, तो उसे चाहे जो कुछ करना पड़े, पार्टी के स्थानीय कर्ता धर्ताओं की गुटबाजी पर लगाम लगानी होगी, वर्ना सारी मेहनत पर एक बार फिर पानी फिर जायेगा। कम से कम भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को तो अच्छी तरह मालूम है कि पिछले चुनाव में लखन मार्डी की हार पर पार्टी के कुछ लोगों ने बैंड बाजा बजवाया था और नाच-गाकर जश्न मनाया था।

### पोटका में झामुमो का उम्मीदवार तय, भाजपा में झकझूमर

पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र काराजनितिक चुनावी परिदृश्य भी कमोवेश बहरागोड़ा एवं घाटशिला जैसा ही। यहां भी पिछले कई चुनावों से भाजपा और झामुमो ही मुख्य मुकाबला में रहते हैं। चुनावी गठबंधन और सांगठनिक कमजोरी के चलते कांग्रेस दूर-दूर तक नजर नहीं आती। 2009 के चुनाव में कांग्रेस कैंडिडेट के तौर पर सुबोध सिंह सरदार ने बेहतर प्रदर्शन किया था। वे दूसरे स्थान पर रहे थे, लेकिन 2014 चुनाव से पहले डॉ प्रदीप बलमुचू के स्थान पर सुखदेव भगत प्रदेश अध्यक्ष बने, तो सुबोध सरदार का टिकट काट कर एक महिला को दे दिया गया, जो चौथे स्थान पर रही और कुछ समय बाद कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गयी थीं। ये नेताओं की गुटबाजी के कारण हुआ और पोटका में संगठन अब बुरे दौर से गुजर रहा है। सुबोध सरदार कांग्रेस के पुराने नेता हैं। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी दुबे से लेकर कई पुराने नेताओं से इनका सीधा संपर्क रहा। लेकिन अपनी आर्थिक कमजोरी और पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता के कारण पिछड़ कर रह गये। 2014 के चुनाव से कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फोन करके पार्टी में शामिल होने का ऑफर दिया था। सुबोध अपने को पक्का कोंग्रेसी मानते हैं और उन्होंने कोई ठोस जवाब नहीं दिया, तब झामुमो ने संजीव सरदार को आजमाया। संजीव पहला चुनाव हारे और दूसरी दफा जीत कर विधानसभा जा पहुंचे।

इस बार भी झामुमो अपना उम्मीदवार संजीव सरदार को ही बनायेगा, इसमें संदेह नहीं। झामुमो में भी कुछ ऐसे नेता हैं, जो टिकट चाहते हैं, लेकिन राजनीतिक तौर पर संजीव से भारी कद-काठी का इनमें से कोई नहीं दिखाई पड़ता। कुल मिला कर कहा जाये, तो पोटका में भी झामुमो की टिकट के लिए बहुत अधिक मारामारी नहीं है। एसटी के लिए रिजर्व सीट पोटका में भाजपा का टिकट हासिल करने वालों की संख्या ज्यादा है। मेनका सरदार के अलावे जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू, गणेश सरदार, राजू सरदार, मनोज सरदार भी टिकट चाहते हैं। मेनका सरदार यहां से तीन बार चुनाव जीत चुकी हैं। लेकिन अभी तक उनके नाम पर मुहर नहीं लगी है। वैसे चर्चा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पोटका या खिजरी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। यदि उनकी पसंद पोटका सीट रही, तो मेनका सरदार को मौका मिलना मुश्किल है। सूत्रों की मानें तो एक-डेढ़ महीना पहले मेनका सरदार दिल्ली गयी थीं और राष्ट्रीय संगठन से जुड़े एक पदधारी ने पूर्व विधायक मेनका को इस स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा था। जाहिर है कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा यदि चुनाव लड़ने के इच्छुक होंगे तो पोटका में भाजपा की गुटबाजी चुनाव पीरियड तक ही सही, खत्म हो जायेगी। कोई स्थानीय भाजपाई उनके नाम पर असहमति जताये, इसकी संभावना दूरतलक नजर नहीं आती।

पोटका संथाल एवं भूमिज बहुल विस क्षेत्र है। इसके अलावे ओबीसी वोटर सबसे अधिक हैं। जमशेदपुर टाउन से सटा बागबेड़ा हरहरगुटू में हिंदी भाषी वोटरों की अच्छी- खासी संख्या है, जिन्हें भाजपा का वोटर माना जाता है। हालांकि अपने विधायक काल में संजीव सरदार ने यहां अपनी पैठ मजबूत की है।

# गुरुजी क्रेडिट कार्ड की सीमा 15 लाख से बढ़ा कर 50 लाख हो : कुमार गौरव

**राज्य सरकार से 2024-25 के लिए बजटीय उपबंध का आवंटन उपलब्ध कराने का किया अनुरोध**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इसमें उच्च एवं तकनीकी शिक्षण में होनेवाले व्यय का वहन राज्य के अधिसंख्य, खास कर अनुसूचित जनजाति के युवा नहीं कर पाते हैं। आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए राज्य के युवाओं की ओर से आयोग हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है। साथ ही आग्रह किया कि सभी बैंक शिक्षण ऋण की ब्याज दरों को कम रखें। गुरुजी क्रेडिट कार्ड की सीमा पंद्रह लाख से बढ़ा कर पचास लाख की जाये। राज्य के जिलों में संचालित अनेक आदिवासी छात्रावास देखरेख के अभाव में खराब स्थिति में हैं। वहां रहनेवाले युवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में झारखंड राज्य युवा आयोग की तरफ से सरकार का ध्यानाकृष्ट किया गया है कि राज्य के सभी आदिवासी छात्रावासों की मरम्मत करायी जाये।

आयोग के कहा कि खेल के मैदान, स्टेडियम, एस्ट्रोटर्फ आदि जैसी खेल आधारभूत संरचनाएं और खेल सुविधाओं का उपयोग खिलाड़ियों, फिटनेस के प्रति जागरूक युवाओं, सरकारी संस्थानों आदि को उपर्युक्त सुविधा का निःशुल्क उपयोग करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

बैठक के दौरान चर्चा की गयी कि विभिन्न संस्थानों, व्यक्तियों, सरकारी एवं गैर सरकारी उपक्रमों से राज्य के युवाओं के हित में काम करने के लिए अनुदान, आर्थिक सहायता आदि प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के किसी अनुसूचित राष्ट्रीयकृत बैंक में आयोग के नाम से बचत खाता खोलने की स्वीकृति प्रदान की गयी। झारखंड राज्य युवा आयोग ने 2024-25 के लिए बजटीय उपबंध का आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध राज्य सरकार से किया।

बैठक में आयोग के सदस्यगण विशाल तिर्की, सुनील टुडू आयोग के सदस्य सचिव वेद रत्न मोहन उपस्थित रहे।

## देवघर में आदिवासी महिला के साथ गैंगरेप, वीडियो बना कर पीड़िता के बेटे को भेजा

**देवघर (आजाद सिपाही)।** झारखंड में फिर एक बार हैवानियत की घटना सामने आयी है। घटना देवघर की है। यहां 35 साल की एक आदिवासी महिला के साथ चार लड़कों ने गैंगरेप किया और इसका वीडियो बना कर पीड़िता के बेटे को भेज दिया। घटना के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से दुमका की रहने वाली पीड़िता अपने पति के साथ देवघर में रहती है। दोनों साथ में रह कर मजदूरी करते थे। मंगलवार सुबह पीड़िता का पति मजदूरी करने गया। इस दौरान महिला घर पर अकेली थी। तभी चार परिचित युवकों ने घर में घुस कर महिला के साथ रेप किया। इतना ही नहीं, चारों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया और पीड़िता के बेटे को भेज दिया। घटना की जानकारी पीड़िता ने नगर थाना में दी, जिसके बाद नगर और कुंडा पुलिस ने टीम गठित की और छापेमारी कर अपराधियों को पकड़ लिया।

## रामपुर में विकास लिंडा के घर पहुंचे भाजपा सांसद

# पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की राशि दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू बुधवार को नामकुम प्रखंड के रामपुर गांव स्थित विकास लिंडा के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर शोक जताया और पार्टी की ओर से सहानुभूति प्रकट की। विगत दिनों उत्पाद सिपाही दौड़ में घायल स्व विकास लिंडा की मौत इलाज के दौरान हो गयी थी। श्री साहू के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, राकेश भास्कर, रामकुमार पाहन, अशोक मुंडा, मानकी राजेंद्र शाही आदि साथ थे। श्री साहू ने पार्टी की ओर से एक लाख रुपये की सहायता राशि भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पूरा भाजपा परिवार दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं की मौत की ये घटना हृदय विदारक है। इसके पूर्व ऐसी घटनाएं नहीं सुनी गयी। यह सब हेमंत सरकार की गलत नीतियों के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि स्व विकास दौड़ के दौरान घायल हुए थे। उन्हें उचित इलाज से बचाया जा सकता था। लेकिन स्थिति यह है कि हेमंत सरकार एक नौजवान को ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं करा सकी।

**परिजनों से की मुलाकात, शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढाढ़स**

**राज्य सरकार की लापरवाही, ऑक्सीजन के अभाव से हुई विकास की मौत**

# मुझे झूठे केस में जेल भिजवाया: सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के नामकुम स्थित प्रशिक्षण स्थल खोजाटोली मैदान से दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच सम्मान राशि वितरण समारोह में सीएम हेमंत सोरेन ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने काम करना शुरू ही किया था कि कोरोना महामारी आ गयी। कोरोना के बाद जब केंद्र को झारखंड के 1.34 लाख करोड़ रुपये की बकाया लिस्ट सौंपी, तो ये लोग सरकार के पीछे पड़ गये। विधायक खरीदने लगे। इसमें कामयाब नहीं हुए, तो मुझे झूठे केस में जेल में डाल दिया। पीएम आवास की राशि देना बंद कर दिया। तब जाकर हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की।



## सात लाख से अधिक बहनों को भेजे 70 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को सात लाख से अधिक बहनों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का तोहफा दिया। सभी बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपये भेजे गये। इस योजना के तहत सरकार सालाना 12 हजार रुपये दे रही है। इसमें दक्षिणी छोटानागपुर की 5 जिलों की महिलाएं शामिल हैं।


SARALA BIRLA UNIVERSITY
SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
(SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS)
अमृतं तु विद्या

Happy Teachers' Day
5th September 2024



गुकारस्त्वन्धकारस्तु रुकार स्तेज उच्यते ।
अन्धकार निरोधत्वात् गुरुरित्यभिधीयते ॥

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL, SARALA BIRLA UNIVERSITY,
MAHADEVI BIRLA INSTITUTE OF NURSING & CLINICAL TECHNOLOGY
Birla Knowledge City, Mahilong Ranchi - 835103

JASPURIA B.ED. COLLEGE, RANCHI
Recognised by N.C.T.E., Affiliated under Ranchi University
Run By : Jaspuria Trust for Education and Social Welfare
Additional-D.El.Ed. Course



आप सभी को
शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

शिक्षा के द्वारा ही मानव मस्तिष्क का सदुपयोग किया जा सकता है। ऐसे में विश्व को एक ही इकाई मानकर शिक्षा का प्रबंधन करना चाहिए।
डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन



जैलेन्द्र कुमार
अध्यक्ष
जशपूरिया बी.एड. कॉलेज

बीसा गेतलसूद, अनगड़ा, राँची मो. : 9204044299


G D. GOENKA
SCHOOL



Sunil Kumar
(Principal)

Dear stakeholders we should encourage our children to think out of box but first they should unbox what they already have.


Happy Teacher's Day












## शिक्षक दिवस का महत्व

# सतत भविष्य के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना




भारत में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है। इस दिन को भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जिनका जन्म 5 सितंबर 1888 को तिरुत्तानी में हुआ था। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने अपनी शिक्षा के दौरान दर्शनशास्त्र में गहरी रुचि दिखायी और वे मैसूर विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर बने। उनके विद्यार्थियों के प्रति गहरी लगाव और उनके जीवन के महत्वपूर्ण गुण सिखाने के प्रति उनकी निष्ठा ने उन्हें एक आदर्श शिक्षक बना दिया। उन्हें उनके योगदान के लिए भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1962 में जब डॉ राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने, उनके छात्र  जन्मदिन को विशेष रूप से मनाने की अनुमति मांगने आये। हालांकि, डॉ. राधाकृष्णन ने एक भव्य उत्सव के लिए सहमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिन का जश्न मनाने के बजाय, यदि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो यह उनके लिए गौरवपूर्ण होगा। इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया और तब से 5 सितंबर को भारत में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने और सम्मान करने के लिए समर्पित है।

## शिक्षक दिवस का महत्व

शिक्षक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देना और उनकी मेहनत, त्याग, और निस्वार्थ सेवा का सम्मान करना है। शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते बल्कि उनके चरित्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। वे विद्यार्थियों के लिए आदर्श और प्रेरणा का स्रोत होते हैं। इस दिन, छात्र अपने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर प्राप्त करते हैं और समझते हैं कि शिक्षक उनके जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं।

## टीचर्स डे 2024 की थीम

2024 में शिक्षक दिवस की थीम है 'सतत भविष्य के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना'। यह थीम शिक्षकों की भूमिका पर जोर देती है, जो जिम्मेदार और जागरूक नागरिकों के विकास में मदद करती है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि शिक्षकों का योगदान सिर्फ शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज के भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## शिक्षक दिवस से जुड़े रोचक तथ्य

- शिक्षक दिवस डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। वे एक महान शिक्षक, विद्वान, और दार्शनिक थे, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- भारत में पहला शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 को मनाया गया, जब डॉ. राधाकृष्णन राष्ट्रपति बने थे।
- दुनिया भर में विश्व शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को मनाया जाता है, जबकि भारत में 5 सितंबर को मनाया जाता है।
- शिक्षक दिवस केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में शिक्षा और शिक्षकों के महत्व को समझने और सराहने के लिए मनाया जाता है।

## शिक्षक दिवस पर प्रसिद्ध विचार


डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा, 'भगवान हम सबके भीतर रहता है, महसूस करता है और कष्ट सहता है, और समय के साथ उसके गुण, ज्ञान, सौंदर्य और प्रेम हममें से हर एक के अंदर उजागर होंगे'। उनके अनुसार 'पुस्तकें वह साधन हैं, जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं'। सिकंदर महान का कहना था, 'जीने के लिए अपने पिता का ऋणी हूं, पर अच्छे से जीने के लिए अपने गुरु का'। इन विचारों से हम यह समझ सकते हैं कि शिक्षक न केवल ज्ञान का स्रोत होते हैं, बल्कि जीवन के मार्गदर्शक भी होते हैं।

## पुरातन वेदों और ग्रंथों में भी उल्लेख

पुरातन वेदों और ग्रंथों में भी गुरु के महत्व का विशेष उल्लेख किया गया है। संत कबीर ने अपने दोहे में गुरु के महत्व को दशार्ते हुए कहा है,

**'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय।**
**बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय।'**


इसका अर्थ है कि गुरु का स्थान भगवान से भी ऊपर है क्योंकि गुरु ही हमें भगवान तक पहुँचने का मार्ग दिखाते हैं। शिक्षक वह दीपक हैं, जो हमें अज्ञानता के अंधकार से बाहर निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। वे हमें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति देते हैं और हमारी आत्म-विश्वास को बढ़ाते हैं। हमारे शिक्षक हमें सिखाते हैं कि कैसे हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज में एक सकारात्मक योगदान दे सकते हैं।










आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# ग्रामसभा से पारित कराये बिना आवास स्वीकृत हो रहा: बाबूलाल


आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राजभवन के पास धरने पर बैठे झारखंड प्रदेश मुखिया संघ, झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ, झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ, झारखंड व्यवसायिक प्रशिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अबुआ आवास की स्वीकृति बिना ग्राम सभा से पारित कराये जिला में स्वीकृत कराना चाहती है। गिरिडीह में उन्होंने ऐसा होने से रोकवाया। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास की योजनाओं को सबसे पहले ग्राम सभा, पंचायत समिति से पारित होना चाहिए। गांव के जन प्रतिनिधि जानते हैं कि कौन योजना का ज्यादा हकदार है। कौन ज्यादा गरीब है। लेकिन राज्य सरकार ऐसा नहीं चाहती। लघु खनिज, बालू, हाट, बाजार जैसे संसाधनों पर ग्राम सभा का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व की पहली राज्य सरकार ने ऐसे ही निर्णय लिये थे। बालू घाट ग्राम सभा के जिम्मे था। हाट बाजार सब गांव के लोग ही देखते थे। पारा शिक्षकों की नियुक्ति भी ग्राम सभा के माध्यम से हुई थी। हेमंत सरकार जबसे बनी इसने बालू घाटों को मुंबई और दिल्ली के दलाल और बिचौलियों को सौंप दिये।

## 160 दिन से पेंशन पर बैठे हैं दिव्यांग

बाबूलाल ने कहा कि यह सरकार आज पेंशन देने की बात करती है, लेकिन 160 दिनों से दिव्यांग राजभवन के पास 2500 रुपये पेंशन के लिए धरने पर बैठे हैं। कोई सुध लेनेवाला नहीं। उसी प्रकार पंचायत सचिव, व्यवसायिक शिक्षक संघ, जल सहिया की बहनें धरना पर बैठी हैं। अपनी जायज मांगों को लेकर गुहार लगा रहीं। गर्मी बरसात में छोटे छोटे बच्चों के साथ महिलाएं बैठी हैं और यह सरकार महिला सम्मान का ढिंढोरा पीट रही। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा सरकार आयेगी, तो सभी समस्याओं का समाधान होगा। ग्राम सभा को संवैधानिक अधिकार दिये जायेंगे।




### पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को किया नमन

# झारखंड में घुसपैठ बहुत बड़ा मुद्दा: चंपाई






आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का काफिला बुधवार को खरसावां पहुंचा। यहां बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री खरसावां शहीद वेदी पहुंचे और खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन किया। उसके बाद उन्होंने खरसावां काली बाड़ी में भाजपा द्वारा आयोजित मिलन समारोह में शिरकत की। यहां बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में काफी लंबी लड़ाई लड़ी मगर मेरे संघर्षों का झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उचित सम्मान नहीं दिया। मैंने झारखंड के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए बीजेपी का रास्ता चुना। क्योंकि भाजपा ही झारखंड का सर्वांगीण विकास कर सकती है और यहां के जल-जंगल- जमीन के साथ यहां के आदिवासी- मूलवासियों के हितों की रक्षा कर सकती है। घुसपैठ झारखंड का एक बड़ा मुद्दा बन गया है।

यहां की आदिवासी माताओं-बहनों की अस्मत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। झारखंड सरकार में हमारी बातों को अनसुना किया जा रहा था। इसलिए हमने निर्णय लिया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस आंदोलन को आगे बढ़ाना है। इसी सोच के साथ हमने भाजपा के साथ नये अध्याय की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर छत्तीसगढ़ के बीजेपी सांसद विजय बघेल, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, सरायकेला- खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, भाजपा नेत्री और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी मीरा मुंडा, पश्चिमी सिंहभूम भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पांडे, पूर्व मुख्यमंत्री के बड़े पुत्र सिमल सोरेन, सरायकेला विधानसभा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि सनंद कुमार आचार्य सहित कई भाजपाई मौजूद रहे।























# संगीता देवी हत्याकांड मामले में शामिल पति समेत अन्य गिरफ्तार

**इमदाद अंसारी के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के गोरहार थाना क्षेत्र के लगनवा निवासी संगीता देवी पति संटू कुमार सिंह की हत्या उसके पति और ससुराल के लोगों ने मिल कर कर दिया था। घटना के बाद वदिनी कुसुम देवी पति केदार राणा ग्राम डुमरडीहा चिगलावर थाना-जिला कोडरमा के लिखित आवेदन के आधार पर गोरहर थाना कांड संख्या 33/24 6 अगस्त को पांच अभियुक्तों के विरूद्ध कांड दर्ज किया गया था। पुलिसिया जांच में यह बात सामने आया की मृतका संगीता देवी की हत्या रड से मारकर किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुनि बरकट्ठा अंचल इमदाद अंसारी के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्य करते हुए कल मंगलवार को संटु कुमार सिंह, रंजीत कुमार राय, मो सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान एवं पूछ ताछ से यह बात प्रकाश में आया कि मृतका संगीता देवी का संटु कुमार सिंह के साथ प्रेम विवाह हुआ था विवाह के एक वर्ष बाद से ही पति पत्नी का संबंध खराब होने लगा और इनके पति कमाने बाहर चले गये और मृतका संगीता देवी अपने सास ससुर के साथ रहती थी। इसी बीच राहुल कुमार और गुड्डू उर्फ सदाम अंसारी और एक अन्य लड़का के साथ मृतका संगीता देवी का अवैध संबंध हो गया। मृतका संगीता देवी उक्त तीनों लड़कों से बराबर खर्चा पानी के नाम पर पैसा लेती थी कभी-कभी शादी करने का दबाव बनाती थी जिससे वे तीनों तंग आ चुके थे। मृतका की सास-ससुर भी इनके आचरण से तंग आकर सभी लोग मिलकर मृतका को हटाने का प्रोग्राम 4 अगस्त को बनाये और मृतका के ससुर राजेन्द्र सिंह, सास माला देवी, संटु कुमार सिंह, रंजीत कुमार राय और मो सद्दाम अंसारी, सभी मिलकर मृतका का हत्या कर दिया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता प्राथमिकी अभियुक्त (1) संटु कुमार सिंह उम्र 24 वर्ष पिता राजेन्द्र सिंह ग्राम लगनवों थाना गोरहर जिला हजारीबाग, अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत कुमार राय, मो सद्दाम अंसारी ग्राम लगनवा थाना गोरहर जिला हजारीबाग शामिल हैं।

एसआइटी टीम में इमदाद अंसारी, पुनि बरकट्ठा अंचल, अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी गोरहर थाना, देवदत सिंह पुअनि बरकट्ठा थाना, सिकंदर तामसोय पुअनि गोरहर थाना और सशस्त्र बल शामिल थे।

## शिव शिष्य परिवार ने प्रवर्तक हरिंद्रानंद की दूसरी पुण्यतिथि मनायी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला शिव शिष्य परिवार की ओर से शिव शिष्यता के प्रवर्तक साहब श्री हरिंद्रानंद जी की द्वितीय पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में जिला मुख्यालय स्थित सहाना गार्डन हॉल में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ हर-भोला हरा हरा, जागा जागा महादेव जागरण भजन के साथ अनिता कुमारी, ललिता देवी, नीलम देवी, अनीता पांडे के द्वारा किया गया। मंच संचालन करते हुए शिव के शिष्य दिनेश कुमार ने बतलाया गया कि 4 सितंबर 2022 को शिष्यता के प्रवर्तन, सूत्रधार और हम सबों का आध्यात्मिक पिता वरेनय गुरु भ्राता साहब श्री हरीद्रानंद जी शिवलिंग हुए 2 वर्ष हो गया। इस 2 वर्ष में हम सबों ने साहब श्री की शारीरिक अनुपस्थित महसूस की परंतु साहब श्री का सतत आशीर्वाद हम सभी गुरु भाई बहनों को मिल रहा है। उनकी ऊर्जा की बदौलत ही हम सब अपने क्षेत्र में महादेव की चर्चा और उनके गुरु स्वरूप की स्थापना के निमित्त कार्य कर रहे हैं। अजय गुरु भाई के द्वारा बताया गया कि साहब श्री के बताए हुए रास्ते पर ही हम सब गुरु कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम में अर्जुन राम के द्वारा भी साहब से संबंधित बात रखते हुए गुरु कार्य करने का बात कही। वही शंकर दयाल पांडे जयनगर ने बताया कि साहब श्री ही इस जनमानस को यह बतलाने का काम किये हैं, कि शिव जगतगुरु हैं वह आपके और हमारे गुरु भी हो सकते हैं। कार्यक्रम में और गुरु भाई बहन अनीता देवी, ललिता देवी, देवंती देवी, मंजू देवी नवलशाही, विष्णु देव नवलशाही, बसंती मदन गुंडी, नीलम कोडरमा उपेंद्र गझनडी के अलावे अन्य गुरु भाइयों ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया और भजन किये। कार्यक्रम में कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों गांव से करीब 2500 से अधिक गुरु भाई-बहन उपस्थित होकर साहब श्री के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए क्षेत्र में गुरु कार्य करने का संकल्प लिए।

## गोविंदपुर में डे नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत में जेएलकेएम द्वारा दिवा-रात्रि फुटबॉल मैच (डे-नाइट मैच) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएलकेएम जिलाध्यक्ष सह विष्णुगढ़ उप-प्रमुख सरयू साव ने मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच सिधाबारा बनाम जमनीजारा के बीच रात्रि में दूधिया रौशनी में नहाए फुटबॉल मैदान में रोमांचक मुकाबले का लुत्फ खेलप्रेमियों ने जमकर उठाया। इस रोमांचक मुकाबले में सिधाबारा एक गोल से जीत हासिल की। मौके पर मुख्य रूप से जेएलकेएम केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र महतो उर्फ माही पटेल, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह पटेल, गुरु प्रसाद, विजय सर, तिलेश्वर साव, शौर्य प्रदीप कुमार, धानेश्वर महतो, सोनू साव, माही बाबू समेत सैकड़ों की संख्या में जेएलकेएम कार्यकर्ता और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत बेड़ोकला के ग्राम चांदगढ़ में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा (एनएफएसएम) योजना अंतर्गत कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला कार्यक्रम में आइसीएआर गौरियाकर्मा के वैज्ञानिक डॉ पंकज कुमार सिन्हा ने उपस्थित किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी। खरीफ मौसम में लगे मडुवा के उन्नत खेती, फसल निरीक्षण कीट व्याधि, बीमारियों से बचाव, आई पी एम/ आई एन एम की जानकारी और खरीफ में लगे अन्य फसलों के संबंधित जानकारी मृदा जांच के लाभ निकाय गुड़ाई से लाभ और अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में आत्मा के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चिन्ता हरण पाठक द्वारा सरकार की कृषि संबंधित योजना फसल बीमा, कृषि समृद्धि सोलर योजना, मिलेट योजना के अन्तर्गत मोटे अनाज कि खेती के लिये किसानों को प्रोत्साहान से संबंधित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, खाद्य ऐओम पोषण सुरक्षा योजना अंतर्गत अनुदानित राशि से कृषि यंत्र, के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर कृषक मित्र दुलारचंद प्रसाद समेत आदि प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने की एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस के पहले बैच की शुरुआत



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने परियोजना क्षेत्र के प्रभावित गांवों के युवाओं के लिए एक नई पहल की शुरूआत की है। केरेडारी परियोजना के प्रमुख शिव प्रसाद ने एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशंस के पहले बैच का उद्घाटन किया। यह कोर्स एक साल की अवधि का होगा और इससे लगभग 40 युवाओं को फायदा होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन गांवों के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान करने और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। उद्घाटन समारोह में शिव प्रसाद ने उपस्थित छात्रों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कोर्स उनके जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बेहद जरूरी है। यह पाठ्यक्रम युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान करेगा जिससे वे बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मौके पर अपर-महाप्रबंधक एसपी गुप्ता और रोहित पाल ने छात्रों को शुभकामनाएं दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे इस अवसर का पूरा उपयोग करें और अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त करें।

## नाबालिग बच्ची बरामद, दो गिरफ्तार

**पुलिसकर्मियों ने छापेमारी कर पीड़ित बच्ची को सकुशल बरामद किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** पुलिस की बड़ी उपलब्धि अपहरण की गयी नाबालिग बच्ची चेन्नई से सकुशल बरामद कर ली गयी। इस घटना में शामिल दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी 22 वर्षीय फैजान अली उर्फ राजा पिता रिजवान अली ग्राम बासोडीह निवासी, 24 वर्षीय इमरान आलम पिता नियज आलम पंचायत बासोडीह ग्राम मोदीडीह निवासी को चेन्नई से गिरफ्तार कर सतगावां थाना लाया गया जिसे न्यायिक हिरासत में कोडरमा भेज दिया गया। नाबालिक बच्ची के पिता के द्वारा 1 सितंबर को अपनी बच्ची के अपहरण के मामले को लेकर थाने में आवेदन दिया गया था 68/24 मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह के आदेश के आलोक में पीड़िता के सकुशल बरामदगी और अभियुक्त के गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गयी। टीम में शामिल थाना प्रभारी विजय गुप्ता, एस आई कार्तिक सिंह मुंडा, एएसआई दिनेश मुर्मू, समिति टेक्निकल सेल तकनीकी शाखा और अन्य पुलिसकर्मियों के द्वारा छापेमारी कर पीड़ित बच्ची को सकुशल बरामद की गयी और दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इस घटना में कई अन्य लोगों के शामिल होने का मामला प्रकाश में आ रहा है।

## तालाब से कार के साथ शव बरामद

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना के ग्राम नवलशाही निवासी विकास साव का हावड़ा क्षेत्र अंतर्गत एक तालाब से कार के साथ पुलिस ने बुधवार सुबह शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार हावड़ा क्षेत्र के तालाब स्थित स्थानीय लोगों ने देखा कि तालाब मे कार डुबा है। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया जहां से स्थानीय लोगों की मदद से कार को बाहर निकाला गया तो पाया कि कार मे एक शव पड़ा है। शव की पहचान कोडरमा के नवलशाही निवासी विकास के रूप में हुई। परिजनों का आरोप है कि विकास की हत्या कर तालाब मे कार के साथ शव फेक दिया गया।**

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतगावां प्रखंड के समलडीह, डोमचांच प्रखंड के नावाडीह और मधुबन, कोडरमा प्रखंड के पुरनानगर, चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह, जयनगर प्रखंड के चेहाल और मरकच्चो प्रखंड के तेलोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह में आयोजित शिविर में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न गांवों से आये आमजनों को संबोधित करते हुए उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की सभी तरह की योजनाओं से योग्य लाभुकों को अच्छादित करना है। उन्होंने कहा कि आप अपने समस्या से संबंधित आवेदन दें आपके समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करें। उपायुक्त द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसम्पतियों वितरण किया गया। मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कई लाभुकों के बीच मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण किया गया। स्कूली बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र लाभुकों के बीच वितरण किया गया।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया गया वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के धरमपुर पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, सीओ नीलू टुडू, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार यादव व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों ने सखी मंडल के बीच 42 लाख रुपए का डेमो चेक, दो केसीसी, पांच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पांच बच्चों के बीच साईकिल का वितरण आदि किया गया। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, अंचल, मंईयां योजना, आवास, पेंशन, खाद्य आपूर्ति, जेएसएलपीएस, आत्मा, राजस्व समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। जिसमें ग्रामीणों ने आवेदन दिये। सबसे अधिक भीड़ अबुआ आवास के स्टॉल पर लगी रही। कार्यक्रम का संचालन बीएओ सुधीर कुमार राय ने किया। मौके पर योधी प्रसाद यादव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, कृष्णा साव, सुरेश प्रजापति, तुलसी राम और अन्य उपस्थित रहे।

## गणपति पूजा को लेकर हुई बैठक, समिति का गठन

# गणपति पूजा के अवसर पर लगेगा डिज्नीलैंड मेला

आजाद सिपाही संवाददाता




**दारू/हजारीबाग।** दारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बासोबार फुटबॉल मैदान के समीप स्थित गणपति स्थान में आगामी गणपति पूजा की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता शिवचरण साव ने की जिसमें गणपति पूजा समिति का गठन किया गया और विभिन्न पदों पर प्रमुख सदस्यों की नियुक्ति की गयी।

समिति में राजकुमार दास को अध्यक्ष, किशोरी मोहन प्रसाद को सचिव, बजरंग कुमार सहाय को कोषाध्यक्ष और भैया नवजीत सिन्हा को संयोजक नियुक्त किया गया। साथ ही नागेश्वर प्रसाद को उपाध्यक्ष, रघुनाथ महतो को उपसचिव और दशरथ कुमार दास को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया है। अन्य महत्वपूर्ण पदों में, राजन सिन्हा और नागेंद्र सिन्हा को अंकेक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि शिवचरण साव और दशरथ कुमार दास को पूजा प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गयी है। व्यवस्थापक की भूमिका में राजन सिन्हा, रोशन सिन्हा और नागेंद्र सिन्हा शामिल हैं। युवा अध्यक्ष के रूप में रॉकी रवानी, प्रवक्ता के रूप में राहुल राज, और मीडिया प्रभारी के रूप में सुमित सिन्हा को नियुक्त किया गया है। इस बार पांच दिवसीय गणपति महोत्सव के दौरान दारू फुटबॉल ग्राउंड में दारू प्रखंड वासियों के लिए डिज्नीलैंड मेले का आयोजन भी किया गया है। इस मेले में तरह-तरह के झूले जैसे ब्रेक डांस, तारामची, नाव झूला, और बच्चों के लिए मिकी माउस आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। बैठक में पूजा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिसमें मूर्ति निर्माण, टेंट व्यवस्था, विद्युत सजावट, और पूजा से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी गणपति महाराज की पूजा भव्य और हर्षोल्लास के साथ की जायेगी।

## कांग्रेस ओबीसी मोर्चा की प्रदेश सचिव रेणु कुमारी ने चलाया जनसंपर्क



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ओबीसी मोर्चा प्रदेश सचिव रेणु कुमारी का हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। इस दौरान रेणु कुमारी जनसमस्याओं से रूबरू हो रही है। साथ ही कांग्रेस के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर उनका जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। इसी को लेकर दारू प्रखंड अंतर्गत जिंगा पंचायत में बुधवार को महिलाओ से मिल समस्याओं से रूबरू हुई। रेणु कुमारी ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी की समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर अजीत कुमार, रिंकू कुमार, सूरज कुमार, राजेश कुमार, सरिता देवी, कविता देवी, पूनम, राधा, सारो, मनीता, रिंकी, लखिया देवी आदि शामिल थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** वीर शहीद निलाम्बर पीताम्बर एसटी युवा क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन दाड़ीघाघर में हुआ। जिसमें फाइनल मैच पदमा प्रखंड के बडगांव और कंडादाग के बीच खेला गया। दोनों टीम का खेल काफी रोमांचक रहा, जिसमें पलैंटी के द्वारा कंडादाग फुटबॉल टीम विजेता हुई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बटेश्वर मेहता, स्थानीय मुखिया नन्दकिशोर कुमार, पंसस लीलावती देवी, पूर्व जिप प्रतिनिधि प्रभु गंझु,भाजपा के सुधीर कुमार मेहता, सुनील कुमार, वीर शहीद निलाम्बर पीताम्बर एसटी युवा फुटबॉल टीम के अध्यक्ष रामेश्वर गंझु, सचिव गाजो भोक्ता, सुरेन्द्र तुरी, महादेव मेहता, जैकी भोग्ता, विजय भोक्ता, निर्मल भोक्ता का योगदान रहा। मैच सफल बनाने में रेफरी विरेन्द्र भोक्ता, सिकेन्दर कुमार, संजय पासवान, विजय कुमार, उमेश कुमार लगे रहे। बटेश्वर मेहता के द्वारा विजेता टीम को जर्सी, उप विजेता टीम को फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम को ट्राफी और नगद 12000 एवम उप विजेता टीम को ट्राफी और 8000 वहीं तीसरे स्थान पर रहे टीम को ट्राफी के साथ नगद 4000 रुपये दिया गया।

## एनटीपीसी खनन और औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नये सत्र का हुआ प्रारंभ



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित एनटीपीसी खनन और औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नए सत्र का आज आरंभ हुआ। इस मौके पर सभी नए विद्यार्थियों का स्वागत और अभिनंदन संस्थान की ओर से किया गया साथ ही अभिभावकों के साथ चर्चा की गयी। पकरी बबार्दी कोयला खनन परियोजना द्वारा संचालित यह औद्योगिक और प्रशिक्षण केंद्र आस पास के गांव के बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पिछले कुछ सालों से जाना जाता रहा है और आज इस क्रम में नए बच्चों को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की एक नई शुरूआत की गयी है। नवीनतम सत्र 24/25-26 के 65 नए विद्यार्थी और द्वितीय वर्ष में प्रवेश करने वाले 40 प्रशिक्षु विद्यार्थी इस मौके पर उपस्थित रहे। जिनका सत्रारंभ के मौके पर स्वागत किया गया। इन 65 नए विद्यार्थियों का चयन खनन और औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की विभिन्न कोर्सेस में हुआ है वे सभी परियोजना प्रभावित गांव के बच्चे हैं जो एक नई उम्मीद और आशा की किरण लिए इस संस्थान में दाखिला करवाएं हैं ।

## बिरहोर टोला तेलियामारन में शिविर का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कोडरमा के आदेशानुसार प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत मरकच्चो प्रखंड के दक्षिणी पंचायत स्थित बिरहोर टोला तेलियामारन में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रत्येक बिरहोर जनजाति तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है जैसे राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, आधार कार्ड, उज्जवला योजना, जनधन खाता, हर घर नल, स्वास्थ्य सेवा इत्यादि शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हेल्थ कैंप लगाया गया। आधार से वंचित लाभुकों का आवासीय बना कर आधार कार्ड बनाया जाना है। इस विशेष कैंप में अरविंद कुमार, दिनेश राम, नंद किशोर बासु, राजेश कुमार, संतोष दास, डा दिनेश प्रसाद, शंभू प्रसाद, सतीश, गौरी शंकर सिंह, शीला कुमारी, महेंद्र साव, रंजू कुमारी, नुसरत बनो शामिल हुए।

## उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा चंदवारा प्रखंड अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय के मौजूदा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों से बात चीत की पठन-पाठन की जानकारी ली। उपायुक्त ने बच्चियों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास में बच्चियों का नियमित क्लास करायें। विद्यालय में छोटी छोटी कमियों को दुरूस्त करें। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक व अन्य मौजूद रहे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड अंतर्गत हेसागढ़ा पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही मौके पर उन्होंने स्कूली छात्र छात्रों के बीच साइकिल और मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार आपके अपने आवश्यक कार्य करने के लिए पंचायत तक प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी को भेज रही है। ताकि आपको प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना नहीं पड़े। आप अपने जरूरी काम जैसे पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, लगान रसीद, म्यूटेशन, ऑनलाइन और समाज कल्याण जैसे काम इस अवसर पर कर सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय महासचिव राजकुमार महतो, सीडीपीओ शैलबाला, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी विमल बेदिया, हेसागढ़ा पंचायत मुखिया एतो बास्के, अर्जुन महली, पंसस सानू मदन सोरेन, सुरेशचंद्र पटेल, भुनेश्वर ठाकुर, कैलाश मांझी, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पंचायत सचिवालय में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मातृ वंदना स्टॉल पर पुंडी पंचायत मुखिया रोपण देवी ने दो महिलाओं की गोद भराई की। साथ ही मौके पर छोटे-छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर मुखिया रोपण देवी ने महिलाओं से कहा कि झारखंड के वर्तमान सरकार नारी उत्थान को लेकर कृत संकल्पित है। झारखंडी महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार कई योजना चल रही है। जिसका लाभ सभी लोग ले।

## विधायक अंबा का पतरातू में स्वागत



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं वेस्ट बंगाल के प्रभारी बनाये जाने पर पतरातू प्रखंड कांग्रेसियों ने पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह के नेतृत्व में तालाटांड के समीप कांग्रेसियों ने विधायक को बुके और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को भी बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अमित साहू, राजू पांडे, अंजन प्रसाद, जयंत दूरी, याकूब राय, चंदन साव, छोटू साव, बबलू कुमार, देवा साहू, बिक्कू रजक, मकसूद अंसारी, नईम अंसारी, रमेश बेदिया, योगेंद्र सिंह, खरवार बारीक अंसारी, अशोक प्रसाद, कमलेश कुमार, तपस कुमार, इस्लाम अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिला की विधि व्यवस्था और आए दिन हो रहे अपराधी घटनाओं को लेकर रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में एसपी अजय कुमार से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल पदाधिकारियों ने जिले के व्यापारियों और आमजनों की समस्या से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि बाजार समिति में निर्मित टीओपी सुचारू रूप से संचालित नहीं होने से व्यापारियों को हो रही परेशानी को देखते हुए उसको सुचारू रूप से संचालित करने की मांग किया। मौके पर चेंबर के प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, मानद सचिव मानू चतुवेर्दी, कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी, विधि व्यवस्था समिति के सभापति पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, फेडरेशन चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, कार्यकारिणी सदस्य मुरारी लाल अग्रवाल, पूर्व कार्यकारी सदस्य नंदकिशोर गुप्ता, बाजार समिति से प्रदीप कुमार बरेलीया, मंटू साहू, राहुल अग्रवाल, राजेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव पर की गयी निशान साहिब की सेवा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव को लेकर 2 सितंबर को अखंड साहिब का पाठ आयोजन किया गया था। जिसकी समाप्ति बुधवार की सुबह गुरुद्वारा साहिब में हुई। इसे लेकर गुरु ग्रंथ साहिब जी के निशान साहिब की सेवा की गयी। निशांन साहब की सेवा माता परमजीत कौर भूसरी दलबीर सिंह भूसरी के परिवार वालो की ओर से की गई। मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव को लेकर सभी साध संगत को बधाई दी है। गुरुद्वारा साहिब में रात्रि में सजेगा विशेष दीवान सजाया जायेगा। जिसमें महान कीर्तनीय बीबी जागीर कौर जालंधर वाली सुरीली आवाज से संगत को निहाल करेगी। मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, रघुवीर सिंह छाबड़ा, जोगेंद्र सिंह जग्गी, रविंद्र सिंह छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, कुलवंत सिंह मारवाह, शरद चमन, यश छाबड़ा, तेजिंदर सिंह, पप्पू जस्सल, प्रीतम सिंह, सोनू कालरा, बबलू छाबड़ा, मिंटू छाबड़ा, जसकीरत सिंह, नरेंद्र सिंह चमन, गगन कौर, जसमीत सोनी, चरणजीत कौर जोली आदि उपस्थित थे।

## विस्थापित प्रभावितों के चार सौ ट्रक बने हैं घर की शोभा, हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** ट्रक वाहनों से प्रति दिन दस हजार टन कोयला उठाये जाने वाला कोल परियोजना आम्रपाली में सन्नाटा पसरा हुआ है। बीते चार दिनों से एक छटाक कोयला गंतव्य पावर प्लांटों तक नही पहुंच रही है। आम्रपाली परियोजना खुले दिन से दुधारू गाय की तरह ट्रांसपोर्टर और लिफ्टर सिफ्टर द्वारा अन्यथा धन अर्जन के लालच में 2018 के बाद से भाड़ा गिरा-गिरा के विस्थापित प्रभावित ट्रक वाहन मालिकों को लाखों कर्ज में डुबो दिया गया है। ऊपर से लिफ्टर द्वारा भिन्न भिन्न के नाम पर भाड़ा से काट कर कम भुगतान करने के मामले कम नही होते, चार दिनों से वाहन मालिकों ने अपने-अपने घर में ट्रकों को खड़ा कर-के शोभा का वस्तु बनाये रखा है। उक्त बाते वाहन मालिक संघ परियोजना विस्थापित संजीत यादव ने हड़ताल पर बैठे सभा में कही। वही अध्यक्षीय संबोधन में आसुतोष मिश्रा ने कहा की नतीजा यह है की आम्रपाली परियोजना के बिंगलात एक नंबर बेरियर के समक्ष चार दिनों से विस्थापित प्रभावित वाहन मालिक संघ के बैनर तले अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे है।

### नशे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एसपी ने की प्रेस कांफ्रेंस

# नशीले इंजेक्शन के साथ तीन गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में नशे के अवैध कारोबार पर पुलिस ने कड़ा एक्शन लिया है। 300 पीस नशीले इंजेक्शन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जानकारी बुधवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में दयानंद भगत उर्फ दुखु साव उर्फ राजा, राकेश यादव और सुमित अग्रवाल शामिल हैं।

**जांच में शेड्यूल एच-1 श्रेणी का निकला इंजेक्शन:** एसपी ने बताया कि बरामद नशीले इंजेक्शन की जांच औषधि निरीक्षक से करायी गयी। इसके बाद पता चला कि वह दवा शेड्यूल एच-1 श्रेणी में आता है। उसे बिना चिकित्सीय परामर्श के नहीं दी जा सकती। साथ ही बिना औषधि अनुज्ञप्ति के उसकी बिक्री भी अवैध है।

**छापामारी में थे शामिल**

छापेमारी में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, प्रभारी थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, एएसआई सुजीत कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई:** एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक ब्लू रंग की स्कूटी पीबी 32 डी 1566 को जब्त किया। इसपर सवार दयानंद भगत उर्फ दुखु साव के द्वारा नशीले इंजेक्शन की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने जब रांची रोड के श्री निकेतन मार्बल दुकान के निकट उसे पकड़ा तो उसकी स्कूटी से 300 पीस पेंटाजोसिन लेक्टेड इंजेक्शन एंड फेनीरेमाइन मैलेट इंजेक्शन कंपनी का नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। दयानंद भगत ने पुलिस को बताया कि नशीले इंजेक्शन को उसे राकेश यादव और सुमित अग्रवाल के द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

### दर्जनों चोरी करने वाला नवल गिरफ्तार



**रामगढ़।** थाना क्षेत्र में चोरी की दर्जनों वारदातों को अंजाम देने वाला नवल किशोर महतो पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद जिले में हुई चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। इस मामले की जानकारी बुधवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर टायर चोरी, बैट्री चोरी और अन्य उपकरणों की चोरी की घटनाएं हो रही थी। इस मामले में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। टेक्निकल सेल की सहायता से टीम ने घटना में शामिल अभियुक्तों का पता लगाते हुए रजरप्पा थाना क्षेत्र के सोसो उसरा गांव से नवल किशोर महतो को गिरफ्तार किया। नवल किशोर महतो को चोरी करने की लत थी। इसके बिना उसका मन नहीं लगता था। उसके पारिवारिक पृष्ठभूमि पर जब पुलिस की नजर पड़ी तो देखकर वह भी भौचक्की रह गयी। नवल किशोर खुद टर्बो ट्रक का मालिक था। जिससे वह ईंट की ढुलाई करता था। इसके अलावा उसका बंगला ईंट भट्ठा था। इन सब के बावजूद जब तक वह चोरी नहीं करता उसका मन किसी काम में नहीं लगता।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी की वेतन निकासी पर रोक

**लापरवाह अधिकारियों को नहीं किया जायेगा माफ: डीसी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में लापरवाही बरतने वाले कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी के वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सभी पंचायतों में निर्धारित तिथि को शिविर का आयोजन कर शिविर में आवदेक से आवेदन प्राप्त कर पोर्टल पर ऑनलाईन करने के साथ निष्पादन किया जाना है। उपायुक्त की अध्यक्षता में 2 सितंबर को शाम 7 बजे ऑनलाइन माध्यम से समीक्षात्मक बैठक की गयी। समीक्षा के क्रम में पाया गया कान्हाचट्टी अंचल में 30 अगस्त को बेंगोकला, 31 अगस्त को कोल्हैया और 2 सितंबर को तुलबुल पंचायतो में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अबतक संतोषजनक आवेदन प्राप्त नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट है कि अंचल अधिकारी द्वारा वृहद प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। 3 सितंबर 2024 को राजपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया, जिसमें अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी अनुपस्थित पाये गये। तीनों शिविर में बिना सूचना के वे अनुपस्थित थे। आगे अपर समाहर्ता ने बताया कि उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में भी ये अनुपस्थित पाये गये। जिसके कारण इनके अचंल का राजस्व से संबंधित समीक्षा नहीं की जा सकी। इस तरह के रवैया के कारण उपायुक्त के निर्देश पर अगले आदेश तक वेतन निकासी पर रोक लगाया गया है। साथ ही कारण पृच्छा भी किया गया है। अगर कारण पृच्छा में जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार के विरूद्ध आरोप पत्र गठन कर कार्रवाई हेतु विभाग को अनुशंसा किया जायेगा।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन गोला प्रखंड क्षेत्र के हेसापोड़ा और रकुवा पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो ने बतौर अतिथि शामिल होकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं मैया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पंचायत क्षेत्र की जनता को जागरूक किया। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कार्यक्रम के माध्यम से योग्य लाभुकों को सुलभ तरीके से मिल रहा है। सरकार का यह कार्यक्रम सफल साबित हो रहा है। मौके पर संजय कुमार शांडिल्य, समरेश सिंह भंडारी, कपिल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीसीएल जीएम और रेलवे प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**पतरातू।** पतरातू रेलवे गेट के पास पीटीपीएस डैम से पानी आपूर्ति करने वाले पाइप के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सीसीएल के लोगो को पानी के लिए दर दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस भीषण समस्या से लोग बीते दो महीने से रूबरू हो रहे है। इस समस्या को देखते हुए दुर्गाचरण प्रसाद ने सीसीएल के जीएम एवम रेलवे के स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा गया है की सीसीएल एवम रेलवे द्वारा समन्वय स्थापित कर 15 दिनों के अंदर पाइप की मरम्मत नहीं की गई तो इसके बाद भुक्तभोगियों के सहयोग से रेलवे का चक्का जाम एवम सीसीएल की ट्रांसपोर्टिंग ठप्प की जायेगी।

## पब्लिक हाई स्कूल कुजू में पेंटिंग प्रतियोगिता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत पब्लिक हाई स्कूल कुजू में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता का शीर्षक सतर्कता जागरूकता था। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम सुप्रिया कुमारी, द्वितीय मुस्कान कुमारी तथा तृतीय दिव्यंका पटेल ने हासिल की। इस अवसर पर सीसीएल सीएसआर नोडल पदाधिकारी तबरेज आलम मौजूद रहे। वही, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीतांजलि कुमारी ने बच्चों से कहा कि हमें एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमेशा आवाज उठानी चाहिए। इसी भावना को हमें अपने पेंटिंग में उतारनी है। इस अवसर पर वरिष्ट शिक्षिका मनीषा धवन, वीना कुमारी, अनिमेष महतो, शैलेंद्र प्रसाद मेहता, मरियानी सोरेन, जितेंद्र कुमार, सुनीता कुमारी, अर्चना सिंह के अलावे विद्यालय के कई शिक्षक मौजूद रहे।

### आजसू ने सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारी और बुजुर्गों को दिया सम्मान

# आप लोगों के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से रामगढ़ विकास की ओर अग्रसर है: चंद्रप्रकाश चौधरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** सेवानिवृत्त शिक्षक, कर्मचारी और बुजुर्गों के सम्मान में बुधवार को आजसू के द्वारा श्री गुरु नानक स्कूल के ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए गिरिडीह सांसद श्री चौधरी ने कहा कि आप सभी ने राष्ट्र और राज्य के निर्माण में भूमिका अहम है। सेवानिवृत होने के बावजूद आप सभी समाज हित के लिए कार्य कर रहे हैं जो सरहानीय है। आप सभी के आशीर्वाद और सुझाव से ही 15 सालों तक रामगढ़ का विधायक रहा। आप सभी के मार्गदर्शन से ही क्षेत्र का विकास हो पाया है और आगे होता रहेगा। आज रामगढ़ जिस ऊंचाई पर पहुंचा है, जिसमें सबसे ज्यादा योगदान हमारे अभिभावकों के मार्गदर्शन का है।

**शिक्षा और खेल के क्षेत्र में रामगढ़ को बनाऊंगा हब:** समारोह को संबोधित करते हुए चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में रामगढ़ को हब बनाऊंगा। आज रामगढ़ में इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निकल कॉलेज, आईआईटी कॉलेज बना है यह सभी आपके मार्गदर्शन से ही हो पाया है। शिक्षा के क्षेत्र में कई परिवर्तन हुए है, आने वाले समय में एक केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ में बनेगा, इसका प्रस्ताव भी मैंने केंद्र सरकार को भेजा है, ताकि हमारे बच्चों को केंद्रीय स्तर की पढ़ाई मिल सके। उन्होंने कहा कि रामगढ़ में महिला इंजीनियरिंग कॉलेज बने 5 साल हो गये हैं, और उन्हें हैंडोवर भी कर दिया गया। लेकिन इस सरकार ने उन्हें अब तक चालू नहीं कर पाये जो बेटियों के लिए अपमान है।

समारोह में गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, महेंद्र मोदी, हरि रत्नम साहू, मनमोहन सिंह लांबा, धर्मेंद्र साव भोपाली, पीयूष चौधरी, रीना साह, पिंकी देवी, वीणा देवी, दीपक साहू अरुण अग्रवाल, नीरज मंडल, पंकज दांगी, रोहित सोनी, दीपू गुप्ता, पवन, अजय, रिंकू, नितेश सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ में लॉ एंड आर्डर बिगड़ा

समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि रामगढ़ शांतिप्रिय जगह है। लेकिन वर्तमान सरकार के कारण रामगढ़ में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह बिगड़ गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि किसी भी तरह का लापरवाही ना हो इस पर ध्यान दें, ताकि लॉयन ऑर्डर बना रहे।

## उज्ज्वला फाउंडेशन के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य : जगेश्वर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में उज्ज्वला फाउंडेशन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन शांति देवी ने की। बैठक के दौरान आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुति के बाद गत कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, फाउंडेशन सदस्य ललिता देवी के पुत्र के निधन पर दो मिनट का शोक सभा का आयोजन किया गया। साथ ही, श्राद्धकर्म में 25 किलो आटा और 10 पैकेट रिफाइन तेल सहयोग के रूप में देने की बात कही। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन के सभी सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाना हमारा एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने सदस्यों से बेहतर सुझाव की मांग करते हुए मिलजुल कर आगे बढ़ाने की बात कही। कहा कि अगले माह से सिलाई प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। वही, तीज पर्व के मौके पर खाद्य सामग्री वितरण की गयी। मौके पर वीणा कुमारी, अनिता देवी, शांति देवी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन, कुसुम देवी, सोनी, सुमंती, रूपा, कंचन, अंजू, सुदासो, करमी, सुलेखा आदि शामिल रहे।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी पतरातू में जेएसपी फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण परिवेश की छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम, पुलिस निरीक्षक पतरातु योगेंद्र सिंह, थाना प्रभारी बासल कैलाश कुमार, एचआर प्रमुख अजय झा और सीएसआर प्रमुख रवि निवास उपस्थित थे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में रामगढ़ जिले कराटे एसोसिएशन के प्रशिक्षक सेंसाई शशि पांडेय और विनय रंजन द्वारा बच्चियों को आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों के बारे में प्रशिक्षण दिया। इन तकनीकों में हाथ पकड़ना, गर्दन, बाल, कमर और कंधे पर हाथ रखने पर बचने की तरीके शामिल थें। जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल के मार्गदर्शन में जेएसपी फाउंडेशन पतरातू द्वारा लड़कियों को आत्मरक्षा का गुर सिखाया जा रहा है। साथ ही बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। मौके पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र राम ने मार्शल आर्टस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह की प्रशिक्षण कार्यक्रम लड़कियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है, यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम ने कहा कि मार्शल आर्ट आत्मरक्षा का बेहतर माध्यम है।

## जयराम महतो की विचारधारा से जुड़ने का निर्णय



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ता बुधवार को क्षेत्र के जांगी गांव पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं से मिले और टाइगर जयराम महतो के विचारधाराओं पर चर्चा किया। इस दौरान युवाओं ने कहा कि हमलोग टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करेंगे। इससे पूर्व अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं ने जयराम के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। जिसके बाद जयराम के क्रियाकलापों की सराहना की गयी। मौके पर केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी, जिला महामंत्री मुख्तार अंसारी, हासिम अंसारी, तबरेज अंसारी, सज्जाद अंसारी, जावेद अंसारी, तफजुल अंसारी सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

## बीएमएस ने की पिट मीटिंग



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (बीएमएस) के आह्वान पर मजदूरों की सुरक्षा सीएमपीएफ आदि समस्याओं से संबंधित 17 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनात्मक सभी इकाई ने आंदोलन, सभा और विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत बिरसा परियोजना में मजदूरों ने किया पीट मीटिंग। जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष दिनेश मुंडा और संचालन सचिव संतोष पांडेय ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से बरका सयाल क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो और उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। वहीं मजदूरों की समस्याओं को लेकर अगामी 26 सितंबर को महाप्रबंधक कार्यालय बरका सयाल में विशाल धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में मजदूरों को शामिल होने के लिए आह्वान किया गया। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिनाथ महतो और उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से मजदूरों को बताया कि इलेक्शन ड्यूटी के दौरान चुनाव कार्य में लगाये गये कर्मीयों का विगत कई माह से संडे का पैसे का भुगतान नहीं हो रहा था। जिसके कारण सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने आंदोलन चला रखा था। और प्रबंधन पर दबाव बनाया जिसका परिणाम है कि अगस्त माह की वेतन में संडे का भुगतान किया गया। इस कार्य के लिए संगठन के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ते रहना होगा। इस अवसर पर रामजीत मुंडा, भीखम राम, दामू मांझी, उदय उरांव, सचिन मुंडा सहित मजदूर मौजूद थे।

## झारखंड बंद की तैयारी बैठक आज

**गोला (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर राजकीय मान सम्मान, रोजो रोजगार नियोजन आदि की गारंटी को लेकर आगामी 11 सितंबर को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। वहीं पूर्व संध्या को गोला डीवीसी चौक से लेकर थाना तक मशाल जुलूस निकाला जायेगा। जिसे लेकर गोला प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय मगनपुर में आज जिले के आंदोलनकारियों की तैयारी बैठक रखी गयी है। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक महथा ने जिले के सभी आंदोलनकारियों को बैठक में शामिल होने का अपील किया है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुरिया के ग्रामीणों से संवाद करेंगे सीएम

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारऱ् कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 05 सितंबर 2024 को लोहरदगा जिला में विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। सदर प्रखंड के जुरिया पंचायत भवन के पास भी शिविर का आयोजन किया जायेगा जहां के ग्रामीणों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिसई में आयोजित कार्यक्रम से कार्यक्रम स्थल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सीधा संवाद करेंगे। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत लोहरदगा जिला में 05 सितंबर 2024 को विभिन्न स्थानों पर भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे सेन्हा प्रखंड के डांडू पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप स्थित मैदान, किस्को प्रखंड के परहेपाट पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के खेल मैदान में, भंडरा प्रखंड के भौंरो पंचायत भवन के पीछे, पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत के मक्का स्थित प्रोजेक्ट हाई स्कूल के समीप, कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय कोलसिमरी में आयोजित होगा।

## भाजपा का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति का विकास करना है : राकेश



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल की कार्य समिति की बैठक हुई। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार जन समस्याओं को लेकर संघर्ष करती रही है। जन समस्याओं को जानने के लिए लगातार अपने कार्यकर्ताओं के बीच बैठक करती हैं। हमारी पार्टी का लक्ष्य ही अंतिम व्यक्ति का विकास करना है। वही महागठबंधन झामुमो एवं कांग्रेस के लोगों का लक्ष्य लोगों को गुमराह कर जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित करते तुष्टिकरण का बढ़ावा एवं समाज को अनेक भागों में बांटना उद्देश्य रह गया है। वही मंडल प्रभारी पशुपतिनाथ पारस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का पार्टी है। कार्यकर्ता पद सबसे सर्वोपरि और स्थायी है। संगठन में व्यक्ति विशेष नहीं होता संगठन का निर्देश ही सर्वोपरि होता है। बैठक में मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, लक्ष्मी नारायण भगत, गोसाईं भगत, शिवपूजन सिंह, सूरज दसोंधी, अमित लोहरा, रमेश साहू, चंदन गोप, प्रवीण रविदास सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुडू में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग के द्वारा खेल को बढ़ावा देने हेतु चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम खेलो झारखंड मे प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दुसरे दिन गांधी मेमोरियल टेन प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह खेल स्टेडियम में कई खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंडर 17 बालक वर्ग लंबी कूद मे मनीष उरांव चीरी प्रथम, बालिका वर्ग मे तमन्ना प्रवीण जिंगी प्रथम रहे, ऊंची कूद बालक वर्ग मे विशाल बागे माराडीह, बालिका वर्ग मे अवन्तिका कुमारी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू प्रथम रहे। रिले रेस अंडर 17 बालिका वर्ग मे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुडू प्रथम, द्वितीय प्रोजेक्ट बालिका टेन प्लस टू उच्च विद्यालय कुडू व तृतीय पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी विजेता रहे, बालक वर्ग में प्रथम बेसिक स्कूल चीरी, द्वितीय पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक अली रजा अंसारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीपीओ प्रवेज शाह गांधी मेमोरियल टेन प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बिपिन भारती, मो. नवाजिश अली, विजय कुमार साहू, आलमीन अंसारी, सरोज कुमार दुबे, बिपिन किशोर लकड़ा, अंजना खलखो, नासरीन फातिमा, रश्मि मनिषा बाखला, दीप्ति एक्का, लाल प्रकाश नाथ शाहदेव, अमर मिंज, डेविड कुजूर,जावेद अख्तर, अशोक कुमार, तारा कुंवर मुंडा, कुर्बान अंसारी, रामजी साहू, मंजू कुमारी, जसमनी बाड़ा बीआरसी कुडू के मोदस्सर नजर, जफर आलम, नरेश यादव तथा अन्य शामिल थे।

# लोहरदगा पुलिस आयोजित करेगी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड अनुराग गुप्ता के द्वारा निर्गत पुलिस आदेश संख्या- 99/2024 के आलोक में 10 सितंबर 2024 को पूरे राज्य भर के सभी 24 जिलों में एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उक्त कार्यक्रम हेतु सभी जिलों के लिए एक-एक वरीय पुलिस पदाधिकारी को नामित किया जायेगा। नागरिकों के शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु यह झारखंड पुलिस की अनुठी पहल है। उक्त आदेश के आलोक में 10 सितंबर 2024 को कुडू थाना अन्तर्गत ग्राम-पंडरा के पंचायत भवन में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम निर्धारित है। इसके पूर्व 06 सितंबर 2024 को सभी थाना क्षेत्रों के चिन्हित स्थानों में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत गुमशुदा बच्चों एवं महिला सुरक्षा संबंधी कानून, पीड़ितों को मुआवजा, नये आपराधिक कानून के अंतर्गत जीरो एफआइआर एवं ऑन लाइन एफआइआर प्रणाली, डायल-112 तथा 1930 (साइबर फॉड), एससी/ एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, सम्पति मूलक अपराध, साईबर अपराधियों द्वारा ठगी के तरीके तथा अवैध रूप से नागरिकों से डिपोजिट प्राप्त करने वाली संस्था चीटफंड, मानव तस्करी, नशीले पदार्थो का सेवन / बिक्री की रोकथाम आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने लोहरदगा जिलेवासियों से अपील किया है कि लोहरदगा पुलिस अपील करती है कि उक्त सूचना का प्रचार-प्रसार आप अपने आस-पास, गाँव मुहल्ला एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर करें, ताकि आम नागरिकों के शिकायतों / समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके।

## विकास के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाली पार्टी है भाजपा : बिंदेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी पेशरार मंडल की प्रथम कार्यसमिति बैठक हुई। जिसमें अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिन्देश्वर बेक ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी पेशरार मंडल का एक एक कार्यकर्ता भ्रष्टाचार, कुशासन, अत्याचार और वंशवाद के अंत का संकल्प लेकर सेवा, सुशासन और विकास के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाली कुशल नेतृत्व की भाजपा की सरकार को झारखण्ड में लाने का कार्य करेंगी। वहीं पेशरार मंडल प्रभारी मिथुन तमेड़ा ने मंडल के सभी पदाधिकारी, पंचायत संयोजक, सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों को अपना बूथ सबसे मजबूत के उद्देश्य कमर कस लेने की बात कही। ताकि वर्तमान झारखण्ड सरकार में महिलाओं एवं युवाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हम सभी मिलकर झारखंड को कुशल नेतृत्वकर्ता के हाथों में सौंप सके। मौके पर शुकूल राम, भरत किसान, रामधनी सिंह, नंदकिशोर पंडित, बनवारी सिंह, जगेश्वर भगत, बिहारी भगत, उमेश यादव, जयनंदन साही, राजेश महतो, कृष्णा महतो उपस्थित थे।

## उपमुखिया संघ ने मांग पत्र देकर वित्तीय प्रभार मांगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के उप मुखिया और संघ के जिलाध्यक्ष सह पोखरी पंचायत के उप मुखिया सुल्तान अहमद ने जिले के सभी पंचायतो के मुखिया का वित्तीय प्रभार, उप मुखियाओं को सौंपने की मांग उपायुक्त गरिमा सिंह को मांग पत्र देकर किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मुखिया हड़ताल मे है, जिस कारण क्षेत्र मे विकास नही हो पा रहा है। इसलिए प्रखंड के सभी उप मुखियाओं को वित्तीय प्रभार सौंपा जाये। ताकि मुखिया के हड़ताल अवधि में जनहित की योजनाए को सही तरीके से निष्पादन किया जा सके, मुखिया के हड़ताल पर रहने से पंचायत क्षेत्र के जनहित योजनाओं के प्रभावित होने की संभावना है. वर्तमान समय में आपकी सरकार, आपको योजना, आपके द्वारा कार्यक्रम में सभी उप मुखिया बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इस शिविर का संचालन सही तरीके से हो रहा है और जनहित की सभी योजनाओं को आम जनता तक लाभ मिलता है तो मनरेगा, अबुआ आवास सहित अन्य कार्य प्रभावित नही होगी।

## दुष्कर्म मामले में फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय लोहरदगा के आदेशानुसार सेन्हा पुलिस द्वारा फरार आरोपी के घर बदला ग्राम में नोटिस चिपकाया गया। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला निवासी लोहसुनिया उरांव के पुत्र इतेश उरांव के विरुद्ध युवती के साथ दुष्कर्म तथा गर्भपात कराने के आरोप पर वर्ष 2014 में प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत आरोपी फरार चल रहा है। जिसे न्यायालय द्वारा बार बार नोटिस जारी कर आत्मसमर्पण का निर्देश दिया गया था। परंतु आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार है। जो आज तक न्यायालय के समक्ष स्वय को प्रस्तुत नही किया है। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा सख्त निर्देश जारी करते हुए आरोपी के घर इश्तेहार चिपका कर कड़ाई से पेश कराने का आदेश पुलिस प्रशासन को मिलते ही बुधवार को थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर एसआइ मनोज कुमार ने ग्रामीण व चौकीदार की मजूदगी में इश्तेहार चिपका कर आत्मसमर्पण का आदेश आरोपी के परिजनों को दिया गया।

## भंडरा में दो दिवसीय प्रखंडस्तरीय खेल शुरू



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** स्कूली और साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित भंडरा प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री टेन प्लस टू स्कूल मैदान में खेलो इंडिया झारखंड 2024-25 का दो दिवसीय प्रखंडस्तरीय खेल बुधवार को शुरू की गयी। उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस खेल में 100, 200, 400 और 800 मीटर की दौड़, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक खेला गया। बुधवार को अंडर 18 के बच्चों ने भाग लिया। वही टॉप करने वाले बच्चों को ट्रॉफी और मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया। गुरुवार को अंडर 14 स्कूली बच्चे भाग लेंगे। जो बच्चे प्रखंड स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वें फिर जिला स्तरीय खेल में भाग लेंगे। पूरे प्रखंड से कुल 28 स्कूलों ने भाग लिया। इस मोके पर अजय साहू, सोहराई उरांव, संजय कुमार, विनीता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सेन्हा में 20 लोगों को लगा एडल्ट बीसीजी का टीका



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत झलजमीरा में एडलीस बीसीजी का टीका लगाया गया। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्देश पर एडल्ट्स वैक्सिनेशन कार्यक्रम के तहत टीवी बीमारी से मुक्त के लिये 18 वर्ष ऊपर के वयस्क को बीसीजी का टीका लगाया जा रहा है। वही एएनएम प्रमिला एक्का ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया की 60 वर्ष से ऊपर के लोग, मधुमेह से ग्रसित व्यक्ति, कुपोषित व्यक्ति सहित अन्य सभी वयस्क 18 वर्ष ऊपर के सभी लोगो को एडल्ट्स वैक्सीन का टीका लेना अनिवार्य है। वही झालजमीरा प्रतिरक्षण स्थल पर बुधवार को 20 व्यक्तियों को एडल्ट्स बीसीजी का टीका लगाया गया। मौके पर सहिया शकुंतला देवी, ललिता खेस, सुनीता टोप्पो, ममता देवी मौजूद थे।

## कैरो भाजपा कार्यसमिति की बैठक



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी प्रखण्ड कार्यसमिति की बैठक बुधवार को प्रखंड के कैरो देवी मंडप के बगल में प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई। मौके पर पार्टी संगठन की मजबूती, आगामी चुनाव में विधान सभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्यासी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनायी गयी। मौके पर प्रखंड प्रभारी राजकिशोर साहू ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता नि:स्वार्थ भाव से पार्टी संगठन के हित मे कार्य करें, जनता की समस्यायों को दूर करने,राज्य सरकार की नाकामियों व केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। झारखंड की सरकार हर मोर्चे पर विफल है,राज्य सरकार में सामील सभी दल के नेता कार्यकर्ता झारखंड की जनता को बरगलाने का काम कर रहें हैं, आज प्रदेश में चारो ओर भय भ्ष्टार्चार का बोल बाला है आने वाले विधान सभा चुनाव में जनता इस निकम्मी सरकार को सबक सिखाने का काम करेगी। मौके पर प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी नारायण भगत, जिला मंत्री कैलाश महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव, उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति,महामंत्री मनोज साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन,मोहन साहू,श्रवण मुंडा,नासिर आलम, इकबाल अंसारी, गंगा साहू, कृष्णा यादव, रामबुझावन साहू, लाखो उरांव, चिखु उरांव, प्रवीण सिंह, हरिगोपाल साहू,शतेशर सिंह,गोविंद महतो, जगनरायन महतो, सुखन उरांव, राधे साहू, फलिन्दर रविदास, बाबूलाल उरांव आदि उपस्थित थे।

## कोल्हान की खबरें

# चंपाई सोरेन के पार्टी छोड़ने के बाद डैमेज कंट्रोल में जुटा जेएमएम

**5 सितंबर को बड़ी बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के बाद जेएमएम डैमेज कंट्रोल में जुट गया है। संगठनों को बूथ स्तर पर सशक्त बना कर विधानसभा के चुनावी समर में कूदने की तैयारी हो रही है। इसको लेकर गुरुवार 5 सितंबर को सरायकेला टाउन हॉल में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बड़ी बैठक बुलायी गयी है। बैठक में पार्टी के कोल्हान प्रमंडल के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

**सरायकेला विधानसभा के लिए बनेगी रणनीति :** जानकारी के अनुसार बैठक में सरायकेला विधानसभा को लेकर गहन विचार-विमर्श होगा। जेएमएम जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो के अनुसार बैठक में मंत्री दीपक बिरुआ, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, सविता महतो, निरल पूर्ति, मंगल कालिंदी, संजीव सरदार और समीर मोहंती पहुंचेंगे। बैठक में मौजूदा राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ पार्टी की आगे की रणनीति तय की जायेगी।

**बैठक में ये रहेंगे मौजूद :** गुरुवार को सरायकेला के टाउन हॉल में आयोजित होनेवाली बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा सरायकेला-खरसावां के सभी केंद्रीय समिति के पदाधिकारी/ सदस्य, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी/ सदस्य, वर्ग संगठन के सभी पदाधिकारी/ सदस्य, सरायकेला विधानसभा के गम्हरिया, राजनगर एवं सरायकेला प्रखंड कमेटी के सभी पदाधिकारी/ सदस्य एवं सरायकेला विधानसभा अंतर्गत आदित्यपुर एवं सरायकेला नगर कमेटी के सभी पदाधिकारी/ सदस्य इस बैठक में शामिल होंगे। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा की यह पहली बैठक होने जा रही है। इस पर सभी की निगाहें रहेंगी।

## विधायक कार्यालय में वीणापाणि पाठशाला का वार्षिक समारोह सह शिक्षक दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बारीडीह विधायक सरयू राय के कार्यालय में स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा संचालित वीणापाणि पाठशाला का वार्षिक समारोह व शिक्षक दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को ट्रस्टी अशोक गोयल, शिक्षा प्रतिनिधि एस पी सिंह व अन्य शिक्षकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलितकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर वीणापाणि पाठशाला के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक गोयल ने कहा कोरोना काल के दौरान जब सम्पूर्ण लॉकडाउन था, तब मजदूरों के बच्चों को पढ़ाने के लिए विधायक सरयू राय ने वीणापाणि पाठशाला की स्थापना की थी। विधायक सरयू राय के सोच पर नि:शुल्क शिक्षा मिलने से जरूरतमंद परिवार के बच्चों का बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हो रही है। उन्होंने वार्षिक समारोह पर पाठशाला के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मैट्रिक परीक्षा में अच्छे प्राप्तांक लाकर वीणापाणि पाठशाला का नाम ऊंचा करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षा प्रतिनिधि एसपी सिंह, भारतीय जनतंत्र महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह, वीणापाणि पाठशाला के शिक्षक, छात्र- छात्राओं सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास आज आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम सह ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास गुरुवार को सुबह 11 बजे सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगे।लौहनगरी जमशेदपुर में पांच दिवसीय प्रवास पर आरहे महामहिम राज्यपाल रघुवर दास का भव्य स्वागत को लेकर कर बस्ती विकास समिति ने तैयारी पूरी कर ली। समिति के नव निर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा पूर्व सीएम और बस्ती विकास समिति के जनक रघुवर दास का लौहनगरी से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने लंबे समय राजनीति व सार्वजनिक जीवन जमशेदपुर के नागरिकों के सुख-दुःख में बिताए है।उनकी सहज व मिलनसार छवि के लिए लोग उनसे गहरी आत्मीयता महसूस करते हैं। चाहे वे किसी भी पद पर रहे जमशेदपुर शहर उनके दिलों में रही है। पवन अग्रवाल ने कहा इस बार गणेश पूजा में राज्यपाल रघुवर दास शहर के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और शहरवासियों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा श्री दास का स्वागत करने के लिए बस्ती विकास समिति के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गुरुवार को सोनारी सैकड़ो की संख्या में बस्ती विकास समिति सदस्यों स्वागत के लिए सोनारी एयरपोर्ट में उपस्थित रहेंगे।

## इनर व्हील क्लब ने ब्रह्मानंद नारायण मल्टी-स्पेशलिटी क्लिनिक में 25 ट्रांसजेंडर का इसीजी टेस्ट कराया




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के द्वारा साकची ब्रह्मानंद नारायण मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मेगा ईसीजी कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर 25 ट्रांसजेंडर्स का ईसीजी टेस्ट कराया गया। मौके पर बीएमएच के प्रशासन ने ईस्ट के द्वारा की गई पहल की सराहना की। वही ट्रांसजेंडर भी पहली बार दिल से संबंधित जांच करवा कर खुशी जाहिर की। उन्होंने ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मौके पर मौजूद सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के द्वारा उन्हें आने जाने के लिए भाड़ा व जलयोग स्वरूप भेट की गयी। इस अवसर पर डॉ. मीना मुखर्जी के साथ अध्यक्ष मधुमिता सान्याल, सचिव संचिता डे, इरा बंदोपाध्याय सहित अन्य शामिल रहे।

## लच्छीपुर और भुला में सरकार आपके द्वार शिविर में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा के लच्छीपुर व बोड़ाम के भुला पंचायत में झारखण्ड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार,आपकी योजना,आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को दोनों जगहों में आयोजित शिविर का जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने द्वीप प्रज्वलित कर शुरूआत की।इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने शिविर में लगे सभी विभागों के स्टॉल का बारी बारी से निरीक्षण किया। ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।मौके पर विधायक कालिंदी ने कहा राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने सभी पंचायतों में शिविर के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे है। मौके पर विधायक के द्वारा शिविर में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशिर्वाद योजना, सखी मंडल, जेएसएलपीएस का परिसंपत्ति, मुख्यमंत्री साइकिल वितरण योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियो का वितरण किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री माइयाँ सम्मान योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। मौके पर बीडीओ, सीओ समेत सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे। उसके बाद विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम प्रखंड की पोखरिया शिव मंदिर परिसर में विधायक निधि से छह लाख रुपये से स्वीकृत चौपाल निर्माण कार्य का शिलान्यास व माधवपुर पंचायत के वनडीह दुबराजपुर में विधायक निधि से निर्मित साढ़े चार सौ फीट पीसीसी पथ का उद्घाटन नारियल फोड़कर किया।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मानिक महतो सहित सैकड़ो झामुमो समर्थक व स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(सामान्य शाखा)

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या-01/2024 के आलोक में प्राप्त आवेदनों कों स्क्रुटनी के उपरान्त दिनांक 03-09-2024 को स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची कोडरमा जिला के वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर दिनांक 10-09-2024 तक दावा-आपत्ति प्राप्त करने हेतु **Upload** किया गया है।

विभिन्न सुत्रों से ऐसी सूचनाएँ प्राप्त हो रही है कि, संबंधित कई अभ्यर्थियों से दूरभाश के माध्यम से राशि की मांग की जा रही है।

अतएव जनसाधारण/सभी अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि किसी भी प्रकार के झांसे में न आयें तथा साईबर अपराधियों से सतर्क रहें। यदि आवेदक को किसी भी प्रकार का आवेदन संबंधी आपत्ति/परेशानी हो तो प्रभारी पदाधिकारी, सामान्य शाखा, कोडरमा(उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा) से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

प्रभारी पदाधिकारी
सामान्य शाखा, कोडरमा

PR 334730(District)24-25*D

## केंद्र सरकार ने बैंकों को बनाया लूट का अड्डा: फिरोज आलम

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के जिला महासचिव फिरोज आलम ने मोदी सरकार पर बैंकों के माध्यम से आम लोगों को लूटने का आरोप लगाया। उन्होने केंद्र सरकार से तीन सवाल पूछा है। पहला प्रश्न यह है कि क्या ये सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जन-धन बैंक खाते बंद हो चुके हैं, जिनमें करीब 50 प्रतिशत बैंक खाते महिलाओं के हैं? इनमें दिसंबर 2023 तक 12,779 करोड़ जमा थे! उन्होंने पूछा है कुल जन-धन खातों में से 20 प्रतिशत खाते बंद होने का जिम्मेदार कौन है? दूसरा प्रश्न किया है कि पिछले 9 वर्षों में जनधन खातों में औसत बैलेंस 5000 रुपये से कम यानी सिर्फ 4,352 रुपये है? इतने से पैसों में, भाजपाई कमरतोड़ महंगाई के बीच, एक गरीब व्यक्ति कैसे अपना जीवन यापन कर सकता है? तीसरा प्रश्न किया कि आम खातों और जन-धन खातों को जोड़कर, मोदी सरकार ने 2018 से 2024 तक कम से कम? 43,500 करोड़ केवल मिनिमम बैलेंस न होने पर, अतिरिक्त एटीएम ट्रांजेक्शन, एसएमएस चार्ज के नाम पर लूटे गये हैं।

## गुमला विधायक के बयान की कांग्रेस ने निंदा की



सिसई (आजाद सिपाही)। गुमला विधायक भूषण तिर्की द्वारा कांग्रेस पर लगाए आरोप को लेकर प्रखंड कांग्रेस पार्टी के द्वारा बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर निंदा की। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कांग्रेस जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आजाद अंसारी व सिसई प्रखंड अध्यक्ष बैबूल अंसारी ने कहा की गुमला विधायक भूषण तिर्की के बयान से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी है। एक सम्मानित विधायक के द्वारा ऐसी हल्की बातें करना शोभा नहीं देता है। भूषण तिर्की कांग्रेसियों को इतिहास पढ़ने की सलाह दे रहे हैं। इन्हे खुद इतिहास पढ़ना चाहिए की कांग्रेस के बिना उनका वजूद कुछ नहीं है। जब भी विधायक बने हैं गठबंधन में बने हैं। विधानसभा चुनाव में किस सीट पर किस पार्टी का प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगी ,ये भूषण तिर्की तय नहीं करेंगे ये आलाकमान तय करेगा। भूषण तिर्की पांच सालों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कितना मान सम्मान दिए हैं वरीय नेताओं के संज्ञान में है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिसई उप प्रमुख सह विधानसभा अध्यक्ष निलेश उरांव आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन लोहरा उरांव, मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, प्रखंड महासचिव जुबेर अंसारी, मनीष तिर्की, रविंदर उरांव, कैलाश उरांव, साबिर खान सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत



**भरनो (आजाद सिपाही)।** गुमला रांची मुख्य मार्ग खरवा गढा के समीप भीषण सड़क दुर्घटना ट्रक ड्राइवर की हुई घटनास्थल पर मौत। छत्तीसगढ़ पत्थलगांव से महुआ लदा ट्रक रांची जा रही थी। खरवा गढा होटल के समीप धान लदा ट्रक खडी करके 709 ट्रक का ड्राइवर राजू खान चाय पी रहा था। उसको पीछे से महुवा लदा ट्रक जोरदार टक्कर 709 ट्रक को मारी। 1109 ट्रक का ड्राइवर कीर्ति चौहान छत्तीसगढ़ जसपुर निवासी गाड़ी में दबकर उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी, साथ में गाड़ी के मालिक पत्थलगांव निवासी निखिल अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गयी। 709 ट्रक का ड्राइवर सीसी कोटाम निवासी राजू खान सुरक्षित है। घटनास्थल पर भरनो पुलिस पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ शाहदेव के प्रयास से घायल व्यक्ति कृति चौहान एवं निखिल अग्रवाल को ग्रामीणों की मदद से ट्रक से निकलकर प्रशासन को सूचित किया।

## बिशुनपुर में बॉक्साइट लदा ट्रक जब्त



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बनारी रेंज ऑफिस नाका में रुटीन चेकअप के दौरान ओवरलोड एक बॉक्साइट ट्रक वन विभाग के कर्मियों के द्वारा पकड़ा गया है। रेंज के फॉरेस्टर किशोर कुमार ने बताया कि उक्त ट्रक मंगलवार की रात लगभग 8:00 बजे बनारी नाका पहुंचा जहां वन कर्मियों को गाड़ी वेट को लेकर संदेह हुआ और उसकी चालान की जांच की गयी। जहां चालन में मात्र बॉक्साइट की 11 टन 800 वेट अंकित था। जबकि गाड़ी में लोडेड बॉक्साइट का वेट 16 टन से अधिक होने की संभावना जताई जा रही थी। वन कर्मियों के द्वारा गाड़ी को जप्त कर लिया गया है आगे की कार्रवाई के लिए गुमला माइनिंग को सुपुर्द किया जा रहा है। जिसके उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी जानकारी हो कि इन दिनों बॉक्साइट माइन्स क्षेत्रों में बॉक्साइट माफिया हावी है लगातार वन क्षेत्र से बॉक्साइट का अवेध उत्खनन कर लिजधारीयों को बेच रहे हैं। जिनका चालान के माध्यम से आए दिन सड़कों पर ओवरलोड ट्रक रात के अंधेरे में दौड़ती देखी जा रही है। जिसको लेकर वन विभाग सख्त है फॉरेस्टर ने कहा कि ओवरलोड व अवैध बॉक्साइट लदी ट्रक पकड़ी गयी तो निश्चित रूप से करवाई की जायेगी।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से भाजपाइयों के पेट में दर्द : रमेश कुमार चीनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** हेमंत सरकार योजनाओं की बदौलत लोगों को अपने पक्ष में करने में जुटे है। इन्हीं में से एक योजना मंईयां सम्मान योजना है। जिसे झारखंड सरकार का मास्टर स्ट्रोक कहा जा रहा है। लेकिन भाजपा इस योजना के खिलाफ हाईकोर्ट चली गयी है। जिसे लेकर सियासी गलियारे में सियासत तेज हो गयी है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने इसपर भाजपा को आड़े हाथों लिया है और कहा है कि भाजपा झारखंडवासियों को भला होते नहीं देख सकती। इसलिए भाजपाईयों के पेट में दर्द हो रहा है और पीआईएल दायर कर जाहिर कर दिया है कि बीजेपी झारखंडवासियों की हितेषी नहीं है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट जाकर भाजपा ने आधी आबादी को अपमानित करने का काम किया है। जबकि हेमंत सोरेन की सरकार ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए योजना लाई है। उन्हें राज्य की मां-बहनों की चिंता है। जिसका असर दिखने लगा है। महिलाओं के खाते में सम्मान राशि के रूप में पैसे पहुंच रहे है। भाजपा ने तुच्छ राजनीति का परिचय दिया है। वे आए दिन तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर सरकार को जनहित का कार्य करने से रोकने का प्रयास करती रहती है। लेकिन अब जनता सच्चाई जान चुकी है। भाजपा की साजिश का कोई असर नहीं होगा।

## स्वास्थ्य केंद्र का रीजनल डायरेक्टर ने किया निरीक्षण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में रीजनल डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण। बुधवार दोपहर रांची से अचानक निरीक्षण के लिए सामुदायिक सावस्थ्य केंद्र कामडारा पहुंचे जहां इन्होंने हॉस्पिटल की सारी विधि व्यवस्था की जांच करते हुए दिए कई दिशा निर्देश दिए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील खलखो ने बताया कि रीजनल डायरेक्टर हॉस्पिटल का निरीक्षण कर स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति जांच करते मरीजों के इलाज में बेहतरी के लिए सुझाव दिए साथ ही ओपीडी आए मरीजों की भी सूची देखा और मरीजों से अच्छे से इलाज के लिए संवेदनशील रहने की बात कही ।

# मंईयां योजना के नाम पर सरकार जनता को ठग रही है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** वर्तमान सरकार दिन में बालू लूटता है, झूठ बोलता है और रात में भी झारखंड के खनिज सम्पदा को लूटने में लगा है। तो झारखंड का विकास कहां से कर पाएगी। झारखंड के लोग बदलाव के लिए उम्मीद भरी निगाहे से देखती है। बदलाव का वातावरण भी तैयार हो गया है, उक्त बातें बाईपास स्थित स्वर्णरेखा बैंकवेट हॉल में आयोजित गुमला विधानसभा के चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में आजसू के सुप्रिमो सह झारखंड के पूर्व सीएम सुदेश महतों ने कार्यकर्ताओं को अपने संबोधन में कहा। उन्होंने कहा कि हम यहां चुनावी भाषण देने के लिए नेता बनने नही आया हूं। मै चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम में आपका समस्या को समझने आया हूं। चूल्हा प्रमुख के कार्यक्रम में परिवार के सदस्य ही आते है। हम भी परिवार के एक सदस्य ही है। उन्होंने हेंमत सोरेन पर जमकर वार करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ झूठ बोलती है, काम कुछ भी नही कर रही है। सुदेश ने कहा कि अगर हमें गांव में कोई परेशानी होती है, तो हम गांव के वैसे लोगो को खोजते है, जो थाने में जाकर बड़ा बाबू से मामले को दर्ज करा सकें। हमारी ये भी क्षमता नही है कि हम अपने हक व अधिकार के लिए थानेदार से मिल सके। हमें स्थिति बदलने की जरूरत है। अगामी आठ सितंबर को रांची में आजसू के बैनर पर युवा रांची में एकत्रित होगें और हेंमत सोरेन से पांच वर्षो का हिसाब मांगेगे। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत आदिवासी पारंपरिक रूप से किया गया। मौके पर केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केन्द्रीय संगठन सचिव एस अली, केन्द्रीय सचिव डॉ पर्थ, जोनसन केरकेट्टा, जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहु, जिला सचिव बोनिफास कुजूर, आकाश भगत, दयाशंकर, जिला महासचिव आंनद गुप्ता, दुर्गा साहु, निशीत गोलू श्रीवास्तव, अधिवक्ता चंदन सिंह, सानू कुमार समेत कई लोग मौजूद थे। वही मंच का सांचलन केन्द्रीय सदस्य गोपी नाथ सिंह ने किया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने आजसू का दामन थामा।




### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है

सुदेश महतो ने कहा कि मंईयां योजना के नाम पर हेमंत सोरेन जनता को ठगने का काम किये है। सबसे पहले सरकार आपके द्वार लगा, उसमें कोई सिर्फ राशन कार्ड में नाम जोड़ना व कटने का काम किया गया। इसके बाद जब दुबारा आया तो पीएम आवास को हटाकर अबुआ आवास लाया गया। जिसमें कहा गया कि तीन कमरे का रूम होगा और लागत तीन लाख होगा। उसमें भी ठगा गया। अब मईया सम्मान योजना लाया गया। जो कि सिर्फ फेकने का काम किया जा रहा है।

### कार्यक्रम का उद्देश्य घर के अंदर की स्थिति को जानना : डॉ देवशरण

आजसू के केंद्रीय प्रमुख प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि यह कार्यक्रम चूल्हा प्रमुख का है। सुदेश महतो चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम आयोजित कर जानना चाहते है कि किसके यहां क्या पक रहा है। खाने में क्या मिलेगा। हमें हर चीजों की जानकारी होनी चाहिए। यह राजनीतिक का कड़ी नही है। हम सिर्फ पंचायत स्तर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का एक विकल्प तैयार किये है। जिससे उनकी समस्या को समझ कर उनका निदान करने का प्रयास कर सकें।

# सीएम हेमंत सोरेन आज गुमला आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई/ गुमला।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन गुरूवार को गुमला में होगा। सीएम हेमंत सोरेन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के सिसई प्रखंड स्थित पंडरानी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम में गुमला सहित लोहरदगा जिले के भी नागरिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के नागरिकों से ऑनलाइन विडियो कांफ्रेनसिंग के माध्यम से सीधा संवाद भी किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन काफी मुस्तैद दिखाई दे रहा है। बता दे कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन के द्वारा जिले के नागरिकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत परिसंपत्ति का भी वितरण किया जायेगा। इस मौके पर जिले के लगभग 150 से अधिक योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा लगातार स्थल निरीक्षण एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहें हैं। विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाएगा जिसकी तैयारी अभी से प्रारंभ हो चुकी है। लगातार पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल में विभिन्न व्यवस्थाओं का आयोजन किया जा रहा है।



### सीएम करेंगे चंदाली स्थित नये समाहरणालय भवन का उद्घाटन



गुमला (आजाद सिपाही)। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुमला जिला मुख्यालय के चंदालि में बने नवनिर्मित समाहरणालय भवन का उद्घाटन भी करेंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने चंदाली में नव निर्मित समाहरणालय भवन का अवलोकन किया एवं तैयारियों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। समाहरणाल भवन के उद्घाटन के पश्चात उपायुक्त कार्यालय सहित जिला स्तरीय विभागीय कार्यालयों का नये समाहरणालय भवन में स्थानांतरण किया जायेगा।

# घाघरा की चुंदरी और नवडीहा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी और नवडीहा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार उपस्थित हुए। कार्यकम में प्रखंड और अंचल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, मनरेगा व अन्य विभाग से संबंधित कई स्टाल लगाये गये। जिसमे झारखंड मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना, अबूवा स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबूवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई को सर्वजन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, कार्ड, जन्म मृत्यु, जमीन संबंधित सहित कई योजनाओं के आवेदन लिए गये। इस क्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का सर्टिफिकेट का वितरण अधिकारियों द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आप सभी ग्रामीण लाभ उठाए। इसके पूर्व अधिकारियों ने विभिन्न विभागों का लगे स्टालों का निरीक्षण किया।



# बीएन कॉलेज में आयोजित संस्कृत सप्ताह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** बीएन जालान कॉलेज में आयोजित संस्कृत सप्ताह समारोह का समापन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। समारोह भारतीय संस्कृति और भाषा के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. लक्ष्मण साहू ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। और इसे हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने छात्रों को संस्कृत भाषा के अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह भाषा न केवल हमें अपने अतीत से जोड़ती है, बल्कि हमारे भविष्य को भी उज्ज्वल बनाने में सक्षम है। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ मोहन गोप ने संस्कृत भाषा की महत्ता और उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संस्कृत को भारतीय सभ्यता की आत्मा बताया और कहा कि यह भाषा केवल एक शैक्षिक विषय नहीं, बल्कि एक जीवन दर्शन है। उन्होंने संस्कृत के अध्ययन से मिलने वाले आंतरिक संतोष और ज्ञान के महत्व पर बल देते हुए छात्रों को इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आग्रह किया। इस दौरान राजकीय संस्कृत महाविद्यालय रांची के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ शैलेश कुमार मिश्र, रांची महिला महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की अध्यक्ष, डॉ उषा किरण, डॉ दीपचंद राम कश्यप, डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन बीएन जालान कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ पारंगत खलखो व धन्यवाद ज्ञापन डॉ कृष्ण प्रसाद साहू ने किया। मौके पर डॉ श्रवण कुमार तिवारी, डॉ विष्णु देव तिवारी, डॉ आदित्य विक्रम देव, प्रो साहू प्रकाश लाल, डॉ जगदम्बा प्रसाद, डॉ राहुल कुमार, रोहित शर्मा सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं व शिक्षक गण उपस्थित थे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–332414 Building (24-25) D एवं निविदा आमंत्रण सूचना सं0– (12/2024-25/EE/BCD/LATEHAR) द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज में मध्य विद्यालय, मेराल में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण) योजना को अपरिहार्य कारण वश **रद्द** किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 334666 Building (24-25)_D

**जिला अभियंता का कार्यालय,जिला परिषद,खूँटी**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 12/2024-25 PR No- 334114 (District) 2024-25 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा में महत्वपूर्ण तिथियों को निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है:–

| क्र. | | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे | 05.09.2024 अपराह्न 05:00 बजे |
| 2 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि | 05.09.2024 अपराह्ण 05:00 बजे तक। | 10.09.2024 अपराह्ण 05:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि | 09.09.2024 अपराह्ण 04:00 बजे | 12.09.2024 अपराह्ण 04:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, खूँटी

PR 334695 District(24-25).D

**कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निकाले गए निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01/2024–25 विज्ञापन संख्या – PR.NO.333482 Lohardaga (24-25)_D में निम्नांकित संशोधन किया जाता है :–

1 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–05.09.2024
2 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय:–10.09.2024/04:00 बजे अपराह्न तक
3 निविदा खोलने की तिथि व समय:–11.09.2024/04:00 बजे अपराह्न तक

तथा क्रम/ग्रुप संख्या 02 में पंचायत जीमा के स्थान पर चन्दलासो एवं क्रम 03 में अंकित पंचायत कोलसिमरी के स्थान पर चन्दलासो पढा जाय।

शेष यथावत् रहेंगे।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 334646 Lohardaga(24-25).D

**कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार**
Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ज्ञापांक–............................/दिनांक–............................/

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला लातेहार अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अधीन सिविल सर्जन, लातेहार के विभागीय कार्यो के दैनिक उपयोग हेतु बाह्यस्रोत (Outsource) के तहत किराये पर वाहन लिये जानें हेतु इच्छुक ट्रेभल एजेंसी/फर्म/वाहन आपूर्तिकर्ताओं से सिलबंद निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नरूपेण अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 1 | Requirement of Vehicle (Bolero) on Rent | Rate Contract for Vehicle (Bolero B6 Opt. White Colour) on Rent from Outsource/ |
| 2 | Tender Fee | Rs 2000.00 (Two Thousand Rupees only) Non Refundable. in favour of Civil Surgeon Latehar. Payable at Latehar Branch. |
| 3 | EMD Fee | Rs 25000.00 (Twenty Five Thousand Rupees only), in favour of Civil Surgeon Latehar. Payable at Latehar Branch. |
| 4 | Last Date/time for Submission of bids | 12.09.2024 till 05.00 P.M |
| 5 | Bid Opening Date (Technical) | 13.09.2024 at 12.30 P.M (C.S. Office Latehar) |
| 6 | Name & Address of office inviting tender (Procurement Officer) | Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Sadar Hospital Campus, Latehar |
| 7 | Contact no. of procurement officer | 7903651269 |
| 8 | Helpline number. | 8340654868 |

Note: Further details can be seen, downloaded through website http://latehar.nic.in.

PR 334651 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

Civil Surgeon Cum
Chief Medical Officer, Latehar.

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

**PR 309611 REO (23-24)D**

पत्रांक:– दिनांक–

अति अल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा संख्या:– 12/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/RANCHI/ 21/ STPKG/04/ 2023-24 | एन0एच0–23 से जामटोली पिच रोड भाया विनय पतरा छोटा सरना बेड़ो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.750 कि0मी0)<br>करंजटोली पक्की सड़क से पुरियो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.200 कि0मी0)<br>पुरानापानी लापुंग पथ से गड़री भाया कांताबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.350 कि0मी0)<br>दरहाटांड़ (बल्क मिल्क कलेक्शन सेंटर) से ग्राम कुल्हागढ़ा, ग्राम बांधटोली एवं ग्राम सियारटोली लिंक पथ से मुराल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–5.400 कि0मी0)<br>मोरो बोड़ेया से सेमरा मोड़ भाया नारो स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.900 कि0मी0)<br>करगे पतराटोली रूगड़ीढीपा से बेयासी भाया डोरन्डा रेलवे फाटक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.900 कि0मी0) | 11,35,26,700.00 | ग्यारह करोड़ पैंतीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–05.09.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–13.09.2023 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–18.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, राँची

PR.NO.334689 REO(24-25):D

# ‘आधी रोटी कम खायें, बेटियों को जरूर पढ़ायें’

गत सप्ताह उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित ‘आला हजरत’ के उर्स के मौके पर बेटियों को लेकर कई बड़े पैगाम दिए गए तथा देश-विदेश से आए बरेलवी सुन्नी मुसलमानों को ‘दहेज हटाओ-बेटी बचाओ’ का संदेश दिया गया। ‘मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी’ ने अपने पैगाम में दहेज को एक सामाजिक बुराई करार देते हुए कहा कि ‘‘इसके कारण कुछ बेटियों के कदम बहकने के मामले भी हुए। दहेज की बजाय बेटियों को विरासत में हिस्सा दें। माता-पिता और भाई उनका विशेष ध्यान रखें और सही उम्र में निकाह (विवाह) करें।’’ ‘मदरसा जामिया तुर रजा’ में एक अन्य कांफ्रेंस में उलेमाओं (मुस्लिम विद्वानों) ‘आला हजरत दरगाह’ के सज्जादा नशीन ‘मुफ्ती अहसन रजा कादरी’, ‘मुफ्ती सलीम नूरी’ आदि ने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए अपील की, ‘‘भले ही आधी रोटी कम खाएं पर बेटियों को अवश्य पढ़ाएं।’’ बरेली के ‘उलेमाओं’ की भांति ही उत्तर प्रदेश में ‘जाजमऊ’ स्थित ‘हजरत मखदूम शाह आला के मजार शरीफ’ पर आयोजित धार्मिक समारोह में हजरत मखदूम शाह आला दरगाह कमेटी के अध्यक्ष इरशाद आलम ने भी कुछ इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा : ‘‘तालीम वह नायाब चीज है जिसे न तो कोई छीन सकता है और न ही कोई चुरा सकता है। लिहाजा चाहे आधी रोटी खाएं, परन्तु अपने बच्चों को तालीम जरूर दिलाएं, विशेषकर बेटियों को शिक्षा से वंचित न करें।’’ मुस्लिम भाईचारे में उठी बदलाव की ये आवाजें किसी एक जाति या धर्म के लिए नहीं बल्कि सभी धर्मों के लोगों पर लागू होती हैं। इन्हें अपनाने में अपना ही नहीं पूरे देश व समाज का भला है। जिस समाज में महिलाओं को समानता व सम्मान का दर्जा दिया जाता है वही उन्नति करता है। ‘आर्य समाज’ के संस्थापक स्वामी दयानंद जी ने भी देश के पतन का कारण नारी का अपमान माना था। इसीलिए उन्होंने महिलाओं को सर्वप्रथम नारी शिक्षा का अधिकार दिलाया। वहीं महात्मा ज्योतिबा फुले ने सर्वप्रथम महिला शिक्षा पर काम करते हुए पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला विद्यालय स्थापित किया था।

**‘मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी’ ने अपने पैगाम में दहेज को एक सामाजिक बुराई करार देते हुए कहा कि ‘‘इसके कारण कुछ बेटियों के कदम बहकने के मामले भी हुए। दहेज की बजाय बेटियों को विरासत में हिस्सा दें।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारतीय गुरुओं की इसी सुदीर्घ परंपरा में तमिलनाडु के तरुत्तनी ग्राम में 5 सितंबर 1888 को जिस नवजात शिशु ने जन्म लिया और अपने वैदुष्य और शिक्षकत्व धर्म से न केवल भारतवर्ष को, अपितु संपूर्ण विश्व को प्रकाशित और गौरवान्वित किया, इतिहास उसे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम से जानता है। पिता चाहते थे पुत्र पुजारी बने, लेकिन पुत्र की ख्वाहिश अंग्रेजी सीखने और शिक्षक बनने की थी। हरि इच्छा बलीयसी, जहां चाह वहां राह की लोकोक्ति चरितार्थ हुई।**

# आदर्श शिक्षक के पर्याय: डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**डॉ जंग बहादुर पांडेय ‘तारेश’**




**मानस भवन में आर्यजन जिसकी उतारें आरती।**
**भगवान भारत वर्ष में गूंजे हमारी आरती।**
**हो भद्र भावोद्भाविनी, वह भारती हे भगवते।**
**सीतापते सीतापते, गीतापते गीतापते।**
**मैथिलीशरण गुप्त भारत-भारत**

**तीन सजावत देश को, गुरु, सती और शूर।**
**तीन लजावत देश को, कपटी, कायर, क्रूर।।**

भारतवर्ष की पुण्य भूमि पर अनेक गुरुओं और संतों का पदार्पण होते रहा है। इनमें याग्वल्क्य, भारद्धाज, अष्टावक्र, वेदव्यास, शंकराचार्य, वशिष्ठ, विश्वमित्र, संदीपनी, द्रोणाचार्य, शुकदेवजी, कृपाचार्य, यमदग्नि, परशुराम, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद आदि मुख्य हैं, जिनके ज्ञान और विवेक से भारतवर्ष गौरवान्वित हुआ है। भारतवर्ष को सजाने संवारने वाले और विश्व गुरु बनाने वाले शिक्षक, सती, संत और शूर हैं, जिनपर हमें नाज और ताज है।

भारतीय गुरुओं की इसी सुदीर्घ परंपरा में तमिलनाडु के तरुत्तनी ग्राम में 5 सितंबर 1888 को जिस नवजात शिशु ने जन्म लिया और अपने वैदुष्य और शिक्षकत्व धर्म से न केवल भारतवर्ष को, अपितु संपूर्ण विश्व को प्रकाशित और गौरवान्वित किया, इतिहास उसे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम से जानता है।

**डॉ राधाकृष्णन को 1954 में स्वतंत्रता सेनानी सी राजगोपालाचारी और भौतिक शास्त्री डा सीवी रमण के साथ सबसे पहले भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।**

पिता चाहते थे पुत्र पुजारी बने, लेकिन पुत्र की ख्वाहिश अंग्रेजी सीखने और शिक्षक बनने की थी। हरि इच्छा बलीयसी, जहां चाह वहां राह की लोकोक्ति चरितार्थ हुई। मेधावी राधाकृष्णन ने क्रिश्चियन कॉलेज मद्रास से दर्शन शास्त्र में एमए की उपाधि प्रथम श्रेणी में प्राप्त की और उसी कॉलेज में प्राध्यापक नियुक्त हो गये। वे अपनी प्रतिभा के बल पर निरंतर आगे बढ़ते गये।

कुछ दिनों के बाद वे रेजिडेंसी कॉलेज मद्रास में प्राध्यापक बन गये। पुनः मैसूर और कोलकाता विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर बनाये गये। लंबी अवधि तक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दर्शन शास्त्र के प्रोफेसर रहे। पुनः आंध्र विश्वविद्यालय और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति बनाये गये। पं मदन मोहन मालवीय उन्हें ऑफर देकर अपने यहां ले आये। वे 1946 तक वहां के कुलपति रहे। वे अपने कुलपतित्व काल में प्रत्येक रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विश्वनाथ मंदिर में प्रातः 8 से 10 बजे तक श्रीमद्भगवद्गीता पर प्रवचन करते थे और उनके उद्बोधन को सुनने के लिए न केवल छात्र-छात्राओं का, अपितु शिक्षकों तथा अन्य श्रध्दालुओं की भीड़ लगी रहती थी। यह बात मैंने रांची के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक डा केके सिन्हा से सुनी थी, जो 1945-46 में बीएचयू वाराणसी के छात्र हुआ करते थे। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों तथा शिष्टमंडलों का सफल नेतृत्व किया। उन्होंने 1948-49 में यूनेस्को के एक्जीक्यूटिव बोर्ड के अध्यक्ष पद को गौरवान्वित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण पद माना जाता है।

डॉ राधाकृष्णन 1949-1952 मे स्वतंत्र भारत के रूस में राजदूत रहे। अपने राजदूतत्व काल में वे नियमित रूप से लेनिन पुस्तकालय अपने अध्ययन हेतु जाया करते थे। ज्ञान के प्रति उत्कृष्ट अभिलाषा ने उन्हें एक आदर्श शिक्षक बना दिया। आदर्श शिक्षक का यह एक महत्वपूर्ण गुण माना जाता है।

1952 से 1962 तक वे भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति रहे और 1962 से 1967 तक वे भारत के द्वितीय राष्ट्रपति बने। 1962 में भारत-चीन युद्ध और 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध उन्हीं के राष्ट्रपतित्व काल में लड़ा गया था। अपने ओजस्वी भाषणों से भारतीय सैनिकों के मनोबल को ऊचां उठाने में उनका योगदान सराहनीय था।

डॉ राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन और संस्कृति पर अनेक ग्रंथों की रचना की, जिनमें प्रमुख हैंः- एथिक्स आफ वेदांत (वेदांत की नैतिक भूमिका), दी फिलॉसफी आफ रवींद्र नाथ टैगोर (रवींद्र नाथ टैगोर का दर्शन), दी रेन ऑफ रिलीजन इन कंटेंपरेरी फिलॉसफी (सामयिक दर्शन के क्षेत्र में धर्म का प्रभाव), इंडियन फिलॉसफी (भारतीय दर्शन), दी फिलॉसफी ऑफ दी उपनिषद्स (उपनिषदों का दर्शन), भगवद्गीता इस्ट एंड वेस्ट सम रिफ्लेक्शंस, इस्टर्न रिलीजन एंड वेस्टर्न थौट्स, एन आडियलिस्टिक व्यू ऑफ लाइफ, हिंदू व्यू ऑफ लाइफ, भारतीय संस्कृति। सत्य की खोज, संस्कृति तथा समाज डॉ राधाकृष्णन के दर्शन पर शिप्ली द्वारा संपादित एक पुस्तक प्रसिद्ध है। यह एक अभिनंदन ग्रंथ है, जिसमें भारतीय दर्शन और डॉ राधाकृष्णन के अन्वेषणों पर अनेक विद्वानों के खोजपूर्ण लेख हैं। अपनी रचनात्मक एवं दार्शनिक उपलब्धियों के कारण वे देश और विदेश के अनेक विश्वविद्यालयों के द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधियों से नवाजे गये। डॉ राधाकृष्णन को 1954 में स्वतंत्रता सेनानी सी राजगोपालाचारी और भौतिक शास्त्री डा सीवी रमण के साथ सबसे पहले भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

डॉ राधाकृष्णन भाषण कला के आचार्य थे। विश्व के विभिन्न देशो में भारतीय तथा पाश्चात्य दर्शन पर भाषण देने के लिए उन्हें सम्मानपूर्वक बुलाया जाता था। श्रोता उनके भाषणों से मंत्रमुग्ध हो जाते थे। डॉ राधाकृष्णन में विचारों, कल्पना यथा भाषा द्वारा विचित्र ताना-बाना बुनने की अद्भुत क्षमता थी। वस्तुतः उनके प्रवचनों की वास्तविक महत्ता उनके अंतर में निवास करती थी, जिसकी व्याख्या नहीं की जा सकती है। उनकी यही आध्यात्मिक शक्ति सबको प्रभावित करती थी, अपनी ओर आकर्षित करती थी और संकुचित क्षेत्र से उठाकर उन्मुक्त वातावरण में ले जाती थी।

हाजिर-जबाबी में वे गजब के थे। एक बार वे इग्लैंड गये। विश्व में उन्हें हिंदुत्व के परम विद्वान के रूप में जाना जाता था। तब देश परतंत्र था। बड़ी संख्या में लोग उनके भाषण को सुनने के लिए आये थे। भोजन के समय एक अंग्रेज ने राधाकृष्णन से पूछा, क्या हिंदू नाम का कोई समाज है? कोई संस्कृति है? तुम कितने बिखरे हुए हो? तुम्हारा एक सा रंग नहीं। कोई गोरा, कोई काला, कोई बौना, कोई धोती पहनता है, कोई लूंगी, कोई कुर्ता, तो कोई कमीज। देखो! हम अंग्रेज सभी एक जैसे हैं। सब गोरे-गोरे, लाल-लाल। इस पर डॉ राधाकृष्णन ने तपाक से उत्तर दिया, घोड़े अलग-अलग रंग-रूप के होते हैं, पर गधे एक जैसे होते हैं। अलग अलग रंग और विविधता विकास के लक्षण हैं। अंग्रेज को काठ मार गया।

मैं अपने पाठकों को बताना चाहता हूं कि जब उनके शिष्यों और शुभैषियों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा जाहिर की, तो उन्होंने कहा, मेरा जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाये। वे चाहते तो अपना जन्मदिन राष्ट्रपति दिवस के रूप में मना सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि उनकी दृष्टि में शिक्षक ही सर्वोपरि होता है। शिक्षक ही राष्ट्रपति बनाता है। अतः वह सर्वोतोभावेन संपूज्य है। सचमुच वे आदर्श शिक्षक के साक्षात पर्याय थे। उन्हें जन्मदिन पर कोटिशः नमन, वंदन और अभिनंदन है।

ऐसे गुरुजनों के ज्ञान से भविष्य का भारत अपनी खोयी समृद्धि और श्रेष्ठता को हस्तगत करेगा, क्योंकि अब हम एक और नेक बन गये। शिक्षक दिवस के पावन पुनीत अवसर पर भविष्य के भारत के सर्वांगीण कल्याण और विकास के लिए परमपिता परमेश्वर से हमारी प्रार्थना हैः-

**सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त प्रवाह हो।**
**गुण, शील, साहस, बल तथा सबमें भरा उत्साह हो।**
**सबके हृदय में सर्वदा, संवेदना की दाह हो।**
**हमको तुम्हारी चाह हो, तुमको हमारी चाह हो।**

**(लेखक रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे सिंगापुर, ढोल बजाया

**भारतवंशी महिला ने राखी बांधी**

**ब्रुनेई में चीन का नाम लिए बिना मोदी ने कहा, भारत विस्तारवाद के खिलाफ**

**एजेंसी**



**सिंगापुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई के दौरे के बाद दो दिन की यात्रा पर बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री लॉरेंस वांग ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने मोदी के सम्मान में डिनर होस्ट किया है। इससे पहले सिंगापुर शहर पहुंचे मोदी का भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने ढोल भी बजाया। मोदी के स्वागत में पहुंचे कलाकार ढोल की धुन पर नृत्य करते नजर आये। लोगों ने मोदी को भगवा रंग का गमछा भेंट किया। सिंगापुर के जिस होटल में वे ठहरे हैं, उसके बाहर भी भारतीय समुदाय के लोग उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे। लोगों ने मोदी के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने ‘रामचंद्र की जय’ और ‘गणपति बप्पा मोरया’ के जयकारे लगाये। इस दौरान एक महिला ने उन्हें राखी भी बांधी। सिंगापुर यात्रा के दौरान मोदी राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम समेत कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। मोदी सिंगापुर के कारोबारी समुदाय के नेताओं से भी मिलेंगे।

सबसे बड़े महल ‘इस्ताना नुरुल इमान’ में मोदी का स्वागत

इससे पहले प्रधानमंत्री ने ब्रुनेई सुल्तान बोल्कैया के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, व्यापार, शिक्षा, तकनीक और स्वास्थ्य जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। डेलीगेशन लेवल की बैठक के बाद भारत और ब्रुनेई के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर हुए। उन्होंने बंदर सेरी बेगवान और चेन्नई के बीच सीधी फ्लाइट शुरू करने के फैसले का स्वागत किया। इसके अलावा दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने एशियन देशों के विकास के लिए काम करने पर सहमति जतायी। ब्रुनेई के सुल्तान ने मोदी के सम्मान में दुनिया के सबसे बड़े महल ‘इस्ताना नुरुल इमान’ में लंच भी होस्ट किया।

# जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, नाम एलजी : राहुल गांधी

**रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली को किया संबोधित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली की। राहुल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से स्टेटहुड छीना गया, हम इसे वापस देंगे। यहां राजा का शासन है। यहां के राजा उपराज्यपाल (एलजी) हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं। राहुल ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अंबानी-अडाणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पहले छाती फैलाकर चलते थे। अब वे कंधे झुकाकर आते हैं। इस बार संसद में सिर पर संविधान रखकर घुसे। कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने गठबंधन किया है। 90 सीटों में से 51 पर एनसी और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें सीपीआइ (एम) और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को 3 फेज में होने वाले हैं। कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों का नाम तय किया है। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया और प्रियंका का नाम भी शामिल है।

# एमसीडी वार्ड चुनाव में भाजपा ने 7 और आप ने 5 जोन पर जीत दर्ज की

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) वार्ड समिति चुनाव में सभी 12 जोन के नतीजे घोषित हो गये। इसमें 7 पर भाजपा और 5 पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इसमें आप ने 5 में से 2 जोन में निर्विरोध जीत दर्ज की हैं।

# शिवराज सिंह चौहान के चाचा का निधन

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के पिता पूनमचंद यादव का 100 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। बुधवार को उनके अंतिम संस्कार के बीच I, केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान के चाचा चैन सिंह चौहान का भी निधन की सूचना आयी। कार्यकर्ता और समर्थक अभी एक दुख से उबर नहीं पाये थे, तब तक दूसरी बुरी खबर आ गयी। दरअसल, केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के चाचा चैन सिंह चौहान का बंसल अस्पताल, भोपाल में स्वर्गवास हो गया। उनकी तबियत भी कुछ समय से खराब थी। चाचा के अंतिम संस्कार में शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मेरे प्रिय चाचाजी श्री चैन सिंह चौहान जी, जिनके पास भोपाल में रहकर चौथी से लेकर ग्यारहवीं कक्षा तक पढ़ा। जिनका आशीर्वाद सार्वजनिक जीवन में मेरी प्रेरणा रहा। जो सदैव मेरे ऊपर प्रेम की वर्षा करते रहे। वह आज हमें छोड़कर अनंत यात्रा पर चले गये। वो मेरी शक्ति थे, भावनात्मक सहारा थे, प्रेरणा थे। आज वो साथ छूट गया, सहारा टूट गया, हृदय-घट सूना हो गया। पूज्य चाचाजी के चरणों में प्रणाम!

# दिल्ली पुलिस का दावा: पूजा खेडकर का डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट फर्जी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर मामले में दिल्ली हाइकोर्ट में एक नयी स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर जानकारी दी है कि सस्पेंड की गयी ट्रेनी अइएएस पूजा खेडकर ने दो डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट जमा कराये थे, इसमें से एक सर्टिफिकेट फर्जी होने का शक है। दिल्ली पुलिस ने इस स्टेटस रिपोर्ट में कहा कि हमने यूपीएससी की तरफ से जमा कराये गये डॉक्यूमेंट की जांच की। इसमें सामने आया कि पूजा खेडकर ने सिविल सर्विसेज एक्जामिनेशन 2022 और 2023 के दौरान दो डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट जमा कराये थे। पूजा के मुताबिक महाराष्ट्र के अहमदनगर की मेडिकल अथॉरिटी की तरफ से जारी किये गये थे। पुलिस ने अहमदनगर मेडिकल अथॉरिटी ने इन दोनों सर्टिफिकेट की जांच करायी। बताया कि हमारे सिविल सर्जन के ऑफिस रिकॉर्ड के मुताबिक डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट नंबर एमएच 2610119900342407 को इस अथॉरिटी ने जारी नहीं किया।

# भोपाल के गर्ल्स स्कूल में बदसलूकी, तोड़फोड़ की

भोपाल (आजाद सिपाही)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सरोजिनी नायडू गर्ल्स स्कूल (नूतन स्कूल) की छात्राओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी और अंदर घुसकर तोड़फोड़ भी की। इस दौरान 15 छात्राएं बेहोश हो गयीं। छात्राओं का आरोप है कि देर से आने पर स्कूल की एचआर मैनेजर वर्षा झा उनसे सफाई कराती हैं। घास कटवाती हैं। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद भी पहुंचे। हंगामा बढ़ता देख एचआर मैनेजर वर्षा झा को स्कूल से हटा दिया गया। वर्षा झा आर्मी से रिटायर्ड कैप्टन हैं। ओपन स्कूल की ओर से उन्हें एक महीने पहले ही एचआर एंड एस्टेट मैनेजर नियुक्त किया गया था। प्रदर्शन के दौरान नाराज छात्राओं ने झा की नेम प्लेट को तोड़कर पैरों से रौंदा। छात्राओं का कहना है कि वे स्कूल में आर्मी के नियम फॉलो करवाना चाहती हैं। वैसी ही सजा देती हैं। स्कूल की प्रिंसिपल मालिनी वर्मा का कहना है कि छात्राओं की नाराजगी वर्षा से है ना कि दूसरे शिक्षकों से। छात्राओं को समझाने के बाद उन्होंने प्रदर्शन समाप्त किया।

# केंद्र-त्रिपुरा सरकार ने दो उग्रवादी संगठनों से शांति समझौता किया

**गृह मंत्री अमित शाह बोले, यह 12वां समझौता**

**अब तक 10 हजार उग्रवादियों ने सरेंडर किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार और त्रिपुरा राज्य सरकार ने बुधवार को दो उग्रवादी संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के साथ शांति समझौता किया। इस समझौता ज्ञापन पर साइन करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा मौजूद रहे। इस मौके पर शाह ने कहा कि 35 साल से चल रहे संघर्ष के बाद दो संगठनों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने और त्रिपुरा के विकास के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की। शांति समझौते पर साइन के साथ ही दोनों संगठनों के 328 कैडर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। शाह ने कहा कि ये नॉर्थ इस्ट के लिए 12वां समझौता है। अब तक करीब 10,000 उग्रवादियों ने हथियार छोड़कर आत्मसमर्पण किया है।

इस दौरान सीएम माणिक साहा पूरे नॉर्थ ईस्ट में शांति और विकास का माहौल बनाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह की सराहना की। साहा ने कहा कि पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने शांति समझौतों और बातचीत से नॉर्थ इस्ट में विकास किया है। इनमें अकेले त्रिपुरा के लिए अब तक तीन समझौते हुए हैं। एनएलएफटी और एटीटीएफ के सदस्यों भी राज्य के विकास में सहयोग देने के लिए मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

# रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल हो रहे

**राहुल से मिले, विनेश को हरियाणा की तीन, बजरंग को दो सीटों से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रेवाड़ी।** पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा के बीच उन्होंने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की। इससे दोनों के चुनाव लड़ने के संकेत मिल रहे हैं। राहुल से मिलने के बाद वे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से भी मिले। उनकी करीब 20 मिनट तक मुलाकात हुई। विनेश के ताऊ महावीर फोगाट ने कहा कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस जॉइन करने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी विनेश को तीन और बजरंग को दो सीटों से किसी पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दे चुकी है। प्राप्त जानकारी मुताबिक विनेश फोगाट अपने ससुराल जींद के जुलाना या दादरी और बजरंग पूनिया झज्जर के बादली से चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस की कोशिश है कि दोनों को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाकर पहलवानों के आंदोलन को भाजपा के खिलाफ भुनाया जा सके। बजरंग पूनिया के चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस को पॉजिटिव संकेत मिले हैं, लेकिन बात विनेश पर टिकी हुई है।

## पेंशन के लिए दर-दर भटक रही महिला, बुजुर्ग को सात माह से नहीं मिल रही पेंशन





बलराम वर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम पंचायत बाना के किताबार टोला निवासी पर्वतीया देवी ढाई माह से पेंशन के लिए भटक रही है, वहीं संगवरिया पंचायत के रजहरा गांव निवासी लखन पासवान को सात माह से पेंशन नहीं मिल रहा। दोनों बुर्जुगों ने कहा कि उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। पर्वतीया के कागजात के अनुसार 53 वर्ष उम्र हो गया है, जबकि मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50 वर्ष उम्र निर्धारित किया गया है। पर्वतीया पेंशन को लेकर प्रखंड कार्यालय के गेट पर बुधवार को सोई हुई थी। उस दौरान पूछने पर बताया कि ढाई महीना पहले पंचायत सचिव स्नेहा कुमारी को पेंशन कराने के लिए आवेदन फॉर्म दी थी। अब तक उसका पेंशन स्वीकृत नहीं हो सका है। मामले में पंचायत सचिव स्नेहा कुमारी से कई बार संपर्क किया लेकिन उन्होंने टाल-मटोल करती रहती है। पंचायत सचिव से निराश होकर पेंशन स्वीकृत के लिए कई बार प्रखंड कार्यालय का भी चक्कर लगायी, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं वृद्धा पेंशन के लाभुक राजहरा गांव निवासी लखन पासवान सात माह से पेंशन नहीं मिलने से परेशान होकर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। पेंशन के लिए कई बार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण उनसे संपर्क नही हो पाया। पेंशन लाभुक लखन पासवान ने बताया कि 7 माह से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गयी है।

### जिला पर्यटन संवर्धन परिषद गढ़वा की कार्यकारिणी और शासी निकाय की बैठक संपन्न

# सौंदर्यीकरण और विकासात्मक कार्यों का प्लान तैयार : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थलों के विकास के संदर्भ में विचार विमर्श हेतु उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (डीटीपीसी) गढ़वा के कार्यकारिणी निकाय और शासी निकाय की बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में संपन्न हुई।



उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्राप्त योजना प्रस्ताव के अंतर्गत ब्रह्म स्थान लगमा खजूरी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर और श्री बंशीधर नगर मंदिर तथा श्री बंशीधर नगर का सौंदर्यकरण, गुरु सिंधु जलप्रपात, खोनहरनाथ मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर के पास छठ घाट, बीरबंधा खजूरी डैम, चटनियां डैम केतार, मथुरा बांध गढ़वा, सतबहिनी जलप्रपात, जिरुआ डैम, सुखलदरी जलप्रपात आदि के सौंदर्यीकरण और विकासात्मक कार्य के संबंध में विचार विमर्श किया गया।

उक्त बैठक में राजा पहाड़ी शिव मंदिर और श्री बंशीधर नगर मंदिर का सौंदर्यकरण तथा अन्नराज डैम के अधिग्रहित भूमि पर इको पार्क विकसित करने के संबंध में प्रस्ताव दिया गया। साथ ही गुरु सिंधु जलप्रपात के लिए पहुंच पत्र और व्यू पॉइंट बनाने की बात कही गयी। श्री बंशीधर नगर मंदिर के पास छठ घाट का भी सौंदर्यीकरण करने का प्रस्ताव रखा गया। गोसाई बाग मैदान में हेलीपैड निर्माण तथा केतार प्रखंड स्थित चटनियां डैम का सौंदर्यीकरण आदि की बात कही गयी। गढ़वा प्रखंड स्थित खोनहरनाथ मंदिर के पास तालाब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण करने की बात कही गयी। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी और दक्षिणी, विधायक प्रतिनिधि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र धीरज दुबे, विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र राजीव रंजन तिवारी, विधायक प्रतिनिधि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र भोला चंद्रवंशी ने कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे, उन्होंने गढ़देवी महोत्सव मनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला जन संपर्क पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी नीरज, कार्यपालक अभियंता, उपस्थित थे।

## पीड़ित परिवार से मिले भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता गढ़वा रंका विधानसभा के मेराल प्रखंड के अधौरा गांव निवासी रमेश शर्मा के आकस्मिक निधन होने पर भाजपा नेता और कार्यकर्ता के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय मृतक रमेश शर्मा के आवास पर जाकर परिवार के सभी लोगों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। मौके पर उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की एवं सांत्वना दिया। अलखनाथ पांडेय ने पीड़ित परिवार से मिलकर कहा कि रमेश शर्मा का आकस्मिक निधन भाजपा परिवार के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदना इनके पूरे परिवार के साथ है। मौके पर गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, गढ़वा जिला मंत्री महेंद्र सिंह, जिला मंत्री चंदन जायसवाल, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, मंटू गुप्ता, रोशन दुबे, बालेंद्र दुबे सहित अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## कांडी प्रखंड में दर्जनों मवेशियों की 24 घंटे के अंदर मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत और गांव खरौंधा में कई पशुपालकों की दर्जनों मवेशियों की 24 घंटे के अंदर अचानक मौत हो गयी। यह घटना मंगलवार से बुधवार तक की है। अभी भी कई पशु बीमार हैं। स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ बलराम शर्मा ने कहा कि बीमार पशु को 106-107 डिग्री बुखार हो जाता है। पूरे शरीर में सूजन हो जाती है। इसके बाद उसकी मौत हो जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीश यादव की तीन दुधारू भैंस और एक गाय मरी है। जबकि अवधेश यादव के सात पशुओं की मृत्यु हो गयी है। जिनमें चार दुधारू भैंस और तीन काड़ा (भैंस का बच्चा) शामिल है। इसी तरह लालमणि यादव की भी दो भैंस मरी है। कुछ अन्य पशुपालकों के भी पशुओं के मरने की सूचना है। इस प्रकार यहां पर 10 लाख से अधिक कीमत के मवेशियों की अचानक मौत हो गयी है। इसकी सूचना दिये जाने के बाद मझिआंव स्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के डॉक्टर दिनेश कुमार खरौंधा पंचायत भवन के समीप मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कर रहे थे। पोस्टमार्टम कर जांच के लिए सैंपल ले जाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही पशुओं की मृत्यु का सही कारण बताया जा सकता है।

## पुणे विवि के कुलपति से बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलपति ने शिष्टाचार मुलाकात की

आजाद सिपाही संवददाता



**गढ़वा।** सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति का शिष्टाचार मुलाकात और उच्च शिक्षा पर विचार विमर्श हुआ। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह अपने पुणे के शैक्षणिक (नैक से संबंधित) कार्य निष्पादन के क्रम में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुरेश गोसावी के साथ कुलपति कक्ष में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 अगस्त 2024 को शिष्टाचार मुलाकात किया और बाबू दिनेश सिंह विवि, गढ़वा और सावित्रीबाई पुणे विवि में संचालित पाठ्यक्रमों पर चर्चा करते हुए दोनों विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक और शोध कार्य हेतु समझौता ज्ञापन के लिए सहमति प्रदान की गयी। साथ ही प्रोफेसर सुरेश गोसावी ने अपने अधिकारियों को आवश्यक प्रक्रिया अपनाते हुए समझौता ज्ञापन का प्रारूप तैयार करने के लिए निर्देशित किया। वार्ता के अंत में सावित्रीबाई पुणे विश्वविद्यालय के कुलपति ने बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह को शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और भविष्य में उम्मीद जताया कि दोनों विश्वविद्यालय के बीच समझौता ज्ञापन का विधवत रूप से विनियम होने के पश्चात दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थी और शोधार्थी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मिल कर कार्य करेंगे जिससे दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

कुलपति के इस प्रयास के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने प्रसन्नता जाहिर की और कुलपति को इस कार्य के लिए धन्यवाद भी दिया।

## शिव आज भी गुरु हैं : सत्येंद्र कुमार



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में बुधवार को शिव चर्चा के संस्थापक प्रथम शिव शिष्य हरिद्रानंद साहब की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर रंका, रमकंडा, चिनियां, गढ़वा पलामू से आये शिव शिष्यों ने हरिंद्रानंद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला और साबित किया कि शिव आज भी गुरु हैं। शिष्यों ने कहा कि हरिन्द्रानंद साहब ने तीन सूत्र दया, चर्चा, नमन आज जनमानस को दिया, जिससे देश विदेश के लोग इसे अपना कर शिव की दया पा रहे हैं। इस मौके पर शिष्य सत्येंद्र कुमार, सुनिल कुमार, रमेश, बिनोद, संजय सोनी, बिरेंद्र, सुरेंद्र, संगीता देवी, सहित हजारों शिव शिष्य शिष्या भाई बहन उपस्थित थे।

## स्कूल बस और बाइक की टक्कर, एक की मौत

**रंका(आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित कंचनपुर पंचायत भवन के पास रंका चिनियां मार्ग पर स्कूल बस और मोटर साइकिल में जबरदस्त टक्कर में मोटरसाइकिल सवार बरवाडीह निवासी जगन सिंह की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गयी। इसके संबंध में रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के बताया कि एस के इंटरनेशनल स्कूल रंका की बस से टक्कर हुई है। मृतक की डेड बाडी को अंत्य परिक्षण के लिए गढ़वा भेज दी गयी है।

## पैरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय के निर्देशन में 6वीं कक्षा से कक्षा 8वीं के सभी शिक्षक और संबंधित कक्षा के अभिभावकों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में टर्म वन परीक्षा की तैयारी के विषय पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर संबंधित शिक्षक व अभिभावकों से उनके बच्चों की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। स्कूल की तरफ से सभी अभिभावकों को सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों को जंक फूड, या फास्ट फूड, स्मार्टफोन और स्कूटी, बाइक से दूर रखें।

बैठक का संचालन अनुप कुमार पांडेय ने किया और उन्होंने अभिभावकों को कक्षावार वाट्सएप ग्रुप और स्कूल एप की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अब अभिभावक स्कूल एप के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति, होमवर्क और अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में नंदलाल गुप्ता, एसडी सिंह, सनोज यादव, अनिल सिन्हा, धीरज पांडेय, गीता पाण्डेय, श्वेता पांडेय, शिखा रानी, रश्मि शुक्ला, संजय कुमार और अन्य शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।



















































## लल्लू सिंह आरजेडी के जिला सचिव व शेख खुर्शीद बने अनुमंडल अध्यक्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरजेडी ने लालन सिंह उर्फ लल्लू को पार्टी का जिला सचिव मनोनित किया है। वहीं शेख खुर्शीद अहमद को हुसैनाबाद अनुमंडल अध्यक्ष और शमीम अख्तर खान को हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया है। आरजेडी के झारखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के आवासिय कार्यालय में उनकी मौजदूगी में बुधवार को पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान ने नव मनोनित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र सौंपा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने नवमनोनित पदाधिकारियों को बुके देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आरजेडी सभी को साथ लेकर चलने की राजनीति में विश्वाश रखती है। पार्टी के संचालन के लिए किसी को जिम्मेदारी देना जरूरी होता है। आरजेडी का एक-एक कार्यकर्ता उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं। उन्होंने कहा कि नवमनोनित पदाधिकारियों के नेतृत्व में पार्टी और भी मजबूत होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुट जाने का आह्वान किया। इस मौके पर आरजेडी के प्रदेश महासचिव मनदीप पासवान, सचिव रिजवान खान और कलामुद्दीन खान आदि उपस्थित थे।

## दैनिक कर्मियों की हड़ताल से हुसैनाबाद में लगा कचरे का अंबार, श्रमदान कर की गयी सफाई

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडेरेशन के आह्वान पर नगर पंचायत (नपं) के दैनिक कर्मियों की हड़ताल जारी है। इस कारण हुसैनाबाद शहर में कचड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे शहर के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। बुधवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस व पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार के नेतृत्व में पूर्व उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी व नगर प्रबंधक समेत कई पूर्व पार्षदों ने श्रमदान कर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान शहर के अंबेडकर चौक, महावीर जी भवन व गांधी चौक पर श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि दैनिक कर्मियों के हड़ताल के कारण केवल हुसैनाबाद ही नहीं, पूरे झारखंड में सफाई कार्य प्रभावित है। इस लिए विपरीत परिस्थिति में शहर को स्वच्छ व सुंदर रखने में सबकी सहभागिता अनिवार्य है। वहीं, भाजपा नेता उदय नाथ विश्वकर्मा ने आम लोगों से भी सफाई अभियान से जुड़ने का आग्रह किया। इस मौके पर झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व पार्षद सुहैल आलम, सीएमएम सह प्रभारी सिटी मैनेजर राकेश सिंह, नाजिर रुनजय कुमार, लेखपाल रविकांत पटेल, डॉ दीपक कुमार, जेई वृजलाल यादव, आशीष सिंह, अभिजीत दुबे, अजित गुप्ता, सुधांशु तिवारी, विकास कुमार, ओमेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अवधेश कुमार और इम्तियाज आलम आदि सफाई अभियान का हिस्सा बने।

## अंतरराज्यीय पुलिस की संयुक्त छापामारी आधा दर्जन अवैध शराब की भट्ठियां ध्वस्त

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड और बिहार के सीमावर्ती थाना हरिहरगंज और टंडवा की पुलिस ने अवैध महुआ शराब निर्माण के विरुद्ध बुधवार को संयुक्त छापामारी अभियान चलाया। हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि हरिहरगंज-टंडवा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका कुलहिया, शिकारपुर के जंगलों में छापामारी कर अवैध तरीके से संचालित आधा दर्जन अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। साथ ही करीब 7 क्विंटल जावा महुआ और शराब बनाने के कई उपकरण को नष्ट कर दिया गया।












संदेश : रेड रोज पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

# बच्चों को अनुशासित बनाना भी शिक्षक का ही फर्ज: सोमा खंडैत

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पंडित विंदेश्वर पांडेय मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से संचालित विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय व निदेशक राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही अतिथियों ने देश के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर



शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण।

पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सोमा खंडैत ने कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही नहीं, बल्कि उन्हें अनुशासित व संस्कारी बनाना भी होता है। बच्चों को व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान देना भी होता है। कहा कि आज रचनात्मकता के साथ शिक्षा जरूरी है। बच्चे उसे कितना अपने व्यवहार में लाते हैं, इस पर भी विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों व अभिभावकों को नजर रखना होगा। वहीं, रामचंद्र यादव ने कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक का महत्व ज्यादा है। बतौर शिक्षक सभी को अपनी जिम्मेवारी का निर्वाहन करना होगा, तभी सभी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि दुनिया में गुरु से बड़ा कोई नहीं है। इसलिए शिष्यों को गुरु का आदर करते हुए अनुशासन में रहना चाहिए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, शिक्षिका पम्मी कुमारी, संध्या कुमारी, अदिति, पल्लवी, सबूना बानो, मोनू कुमार, मेघा कुमारी और सरीता आदि मौजूद थे।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते हैं: डॉ एके सिंह

**आक्सफोर्ड स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों की ओर से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने केक काटकर विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। रिदम सिंह, कनिका




गायकवाड एवं अनम द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक सामूहिक नृत्य ने सबका मन मोह लिया। 11वीं के आयुष व 10वीं की खुशी कुमारी ने हिन्दी में शिक्षकों के प्रति अपना अभिमत व्यक्त किया। शिष्यम ने हिन्दी कविता से छात्रो व शिक्षकों का ध्यान अपनी ओर खीचा। वहीं, शिक्षक दिलीप मिश्रा ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़, मिमिक्री (अनुहरण) एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते है। विद्यार्थी देश का भावी निर्माता होता है। आज की समुचित शिक्षा और संस्कार ही हमारे राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाएगी।

# नेत्रदान महायज्ञ है, जिसमें मरणोपरांत दी जाती है आहूति : कुलपति डॉ कल्याण

**लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नेत्रदान पर सेमिनार आयोजित**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नेत्रदान को लेकर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। बताते चलें कि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पीछले माह 25 अगस्त से शुरू हुआ नेत्रदान पखवाड़ा आठ सितंबर तक चलेगा। इसी कड़ी में बुधवार को सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। जिसमें शामिल लोग हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिस पर नेत्रदान महादान, आंखें अनमोल है आदि स्लोगन लिखे थे। सेमिनार में कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने छात्र-छात्राओं को नेत्र दान के महत्त्व को समझाते हुए बताया कि मृत्यु के बाद नेत्र दान किया जा सकता है। उन्होंने नेत्र दान की प्रक्रिया को भी समझाया। कहा कि नेत्रदान एक महायज्ञ है। इस यज्ञ में आहूति मरणोपरांत ही दी जाती है। लेकिन इसका प्रबंधन आज और अभी नेत्रदान संबंधी फॉर्म भर कर किया जा सकता है। नेत्रदान कोई स्वस्थ व्यक्ति ही कर सकता है। प्राचार्य डॉ विवेक कश्यप ने कहा कि सभी को मरणोपरांत नेत्र दान के लिए संकल्प पत्र भरना चाहिए. ताकि उनके बाद कोई नेत्रहीन व्यक्ति उनकी आंखों से इस खूबसूरत दुनिया को देख सके। मौके पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नेत्र रोग प्रमुख प्रो डॉ राजीव कुमार गुप्ता, डॉ श्रावंती आदि मौजूद थे।

## अनवर हुसैन बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजकीय बालक मध्य विद्यालय में बुधवार को प्रबंधन समिति एवं माता समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से अनवर हुसैन को अध्यक्ष व मदीना बीबी को संयोजिका चयनित किया गया। पर्यवेक्षक विकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में धोती-साड़ी का वितरण

**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के नौडीहा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को शिविर आयोजित हुआ। जिसमें सीओ मदन कुमार सुमन, उप मुखिया, पूर्व उप मुखिया अमरेश कुमार रंजन, गिरेंद्र कुमार आदि शामिल थे। शिविर का संचालन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी देव प्रिय ने किया। शिविर में स्वास्थ्य, पेंशन, आबूआ आवास, मनरेगा,मुख्यमंत्री पशुधन योजना, कृषि,जेएसएलपीएस आदि विभाग के स्टॉल लगाये गये थे।

उत्पाद पुलिस बहाली के मृत अभ्यर्थी के परिजन को दी सहायता राशि

# सरकार की गलत नीतियों से पुलिस उत्पाद बहाली में अब तक जा चुकी 12 युवकों की जान : चंद्रवंशी

**पीड़ित परिवार को दिया एक लाख का सहयोग राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के निर्देश पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बुधवार को उत्पाद पुलिस बहाली के दौरान मारे गये अभ्यर्थी दीपक पासवान के पांडू प्रखंड स्थित वृद्धखैरा गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। साथ ही भाजपा की ओर से घोषित मुआवजा राशि के रूप में एक लाख रुपए मृतक की मां की मौजूदगी में बड़े भाई दीनानाथ पासवान को दिया। डॉ इश्वर सागर चंद्रवंशी ने पांडू बीडीओ रणधीर कुमार को बुलाकर मृतक की



झोपड़ीनुमा घर दिखाते हुए अंबेडकर आवास स्वीकृत करने को कहा। बीडीओ ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही पीड़ित परिवार को अंबेडकर आवास निर्माण की स्वीकृति दे दी जायेगी। इस अवसर पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि हेमंत सरकार की गलत नीतियों से पुलिस उत्पाद बहाली में अब तक 12 युवकों की जान जा चुकी है। उन्होंने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा और परिवार के एकक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, भाजपा नेत्री संध्या सिंह, शंभूशरण सिंह, बैजनाथ सिंह, मनोरंजन गुप्ता, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, दामोदर यादव, उदेश्वर यादव और सुशील ठाकुर आदि मौजूद थे।

## फोरलेन निर्माण कार्य अधूरा पर टोल टैक्स की वसूली जारी, गांव वालों में आक्रोश

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के हरिहरगंज रक्सेल तेंदुआ से बिहार बॉर्डर तक 21 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 139 की स्थिति बदहाल है। फोरलेन निर्माण कार्य भी अधूरा है। बावजूद इसके टोल टैक्स की वसूली की जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। जिसमें फंसकर वाहन खराब हो जा रहे हैं। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उधर, राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता विश्वदीप कुमार और शशि कुमार आदि ने सड़क की बदहाली के लिए संवेदक को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि संवेदक ने सड़क निर्माण की शुरुआत से ही अनियमितता बरतनी शुरू कर दी है। जिस कारण सड़क में हर जगह गड्ढे बने हुए हैं। सड़क किनारे नाली का काम भी अधूरा होने के साथ पानी निकासी के लिए जगह नहीं दी गई है। नाली निर्माण में घटिया सामग्री लगाने के कारण पटिया टूट रही है। जिसनें गिरकर कई लोग घायल भी हो चुके हैं। वक्ताओं ने कहा कि रक्सेल तेंदुआ से बिहार बॉर्डर तक सड़क की देख रेख शिवलया कंपनी को मिली है। बावजूद इसके समय पर मरम्मती नहीं कराना शिवालया कंपनी की अनियमितता को दर्शाता है। फोरलेन निर्माण पूरा नहीं हुआ और जबरन टैक्स लेना शुरू कर दिया गया है। वक्ताओं ने जल्द ही सड़क की मरम्मती कार्य करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर शिवालया कंपनी गेट के पास उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं, शिवालया कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने कहा कि पहले हमने सड़क को दो बार मरम्मती की है। रोड पर क्षमता से अधिक वाहनों का परिचालन और बरसात का पानी जमा हो कर गड्ढे हो गए हैं। जैसे ही पानी खत्म होगा मरम्मती करा दी जाएगी।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय ने हरिजन बस्ती में चलाया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र कुमार पांडेय ने बुधवार को पांडू प्रखंड अंतर्गत महुगावां में हरिजन बस्ती में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को लेकर जबरदस्त रुझान है। उन्होंने सभी वर्ग के लोगों के साथ मुलाकात की। बताया कि सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को भाजपा चरितार्थ करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है की वह हर वर्ग का ध्यान रखें और इस कर्तव्य का वह पालन करते रहते हैं। आज करोड़ों लोगों को मुफ्त में राशन, आवास और उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस बांटे गए हैं जिनसे आम जन मानस को काफी सहूलियत होती है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रहीं जनहित की योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वल योजना, मातृत्व शिशु कल्याण योजना, जन धन खाता, किसान सम्मान निधि, सौभाग्य जैसी योजनाएं गांव,गरीब,पिछड़े, दलित और वंचित समाज के लोगों में एक नया उजाला, नया बदलाव लेकर आई हैं। इस अवसर पर लक्ष्मण पासवान, बमबम पांडे, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## बिहार के युवक की हरिहरगंज में सड़क हादसे के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सीमा पर स्थित औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के कांडी गांव निवासी अंकित सिंह (20) का हरिहरगंज-बेलौदार मोड़ के समीप सड़क हादसे के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद हरिहरगंज और कुटुंबा की पुलिस गहनता से मामले की जांच कर रही है। मृतक अंकित के पिता ने बुधवार को हरिहरगंज थाने में फर्द ब्यान दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि अंकित कुमार अपने दोस्त निखिल सिंह, शिशु सिंह व अन्य के साथ हरिहरगंज में घूमने गया था। बेलौदर मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन से बाइक टकरा गई थी। जिसके बाद दोनों पक्ष में विवाद होने के बाद मारपीट हुई थी। मृतक के पिता ने कहा कि उक्त सभी जानकारी अंकित के दोस्तों ने दी है। आरोप है कि स्कार्पियो पर सवार लोगों की पिटाई से ही अंकित की मौत हुई है। उधर, थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया में युवक की मौत सड़क हादसे के कारण हुई लगती है।







## एसडीओ ने 400 घनफीट बालू लदे 4 वाहन जब्त किये

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) उदय रजक के नेतृत्व में बुधवार की सुबह हीरापुर में औचक जांच अभियान चलाकर अवैध बालू लदे 4 टाटा 407 को जब्त किया गया। एसडीओ ने बताया कि सुबह हीरापुर के विवेकानंद चौक, डीएस कॉलोनी, ज्ञान मुखर्जी रोड व प्रेम गली में अभियान चलाकर अवैध बालू लदे चार वाहनों को जब्त किया गया. प्रत्येक वाहन पर लगभग 100-100 घनफीट अवैध बालू लदा था। जब्त वाहनों को धनबाद थाना को सौंपते हुए वाहन मालिक, चालक व खलासी पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# गिरिडीह में सीबीआइ का छापा

## अनाज की कालाबाजारी मामले में संचालक रामजी पांडेय से पूछताछ

### नोट गिनने के लिए मंगायी गयी मशीन, कई दस्तेवाज भी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में एफसीआई (फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) के अनाज घोटाले की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने बुधवार की सुबह ठेकेदार एवं गोदाम संचालक रामजी पांडे और संजय शर्मा के घरों में छापामारी की। सीबीआइ की टीम सरिया स्थित गोदाम के संचालक रामजी पांडे के शास्त्री नगर स्थित आवास पर भी पहुंची। बतातें चलें कि रामजी पांडेय पर 16 हजार टन अनाज की कालाबाजारी करने का आरोप है। सीबीआइ की टीम राम जी पांडेय के पूरे परिवार से लगातार पूछताछ कर रही है। उधर, सूचना मिली है कि रामजी पांडेय के अलावा गिरिडीह के पांडेयडीह एफसीआई गोदाम संचालक संजय शर्मा के यहां भी सीबीआइ की टीम पहुंची है। बतातें चलें कि सरिया एफसीआई गोदाम से 16 हजार टन अनाज की कालाबाजारी का मामला काफी चर्चा में आया था। तभी से गोदाम के संचालक पर सीबीआई की नजर थी। सूत्रों की मानें तो सीबीआई की टीम सुबह 6.30 बजे ही छापामारी की। इस दौरान भारी नकदी और कई दस्तावेजों की बरामदगी की सूचना मिल रही है। सीबीआइ ने नोट गिनने वाली मशीन मंगवाई है। गिरिडीह जिले के सरिया में एफसीआई के गोदाम संचालन का ठेका लंबे समय से रामजी पांडे के पास था। आरोप है कि उन्होंने गोदाम से 16 हजार टन से भी ज्यादा अनाज की फर्जी कागजात के आधार पर निकासी की व उसकी कालाबाजारी की है।



आरोपित रामजी पांडेय के आवास के बाहर खड़ी पुलिस।

## धनबाद के दो महिला थाना होंगे अपग्रेड : डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बोकारो रेंज के डीआइजी सुरेंद्र कुमार झा ने बुधवार को कतरास के तिलाटांड स्थित बाघमारा महिला थाना में औचक निरीक्षण किया। कहा कि धनबाद जिले में दो महिला थाना को अब अपग्रेड किया जाएगा, जो नई सुविधाओ से लैश होगा। ताकि महिलाएं निडर होकर अपनी शिकायत दर्ज करवाने पहुंच सके। कहा कि महिला के साथ यदि छोटे बच्चे आते हैं तो उनके लिए खेल का वातावरण और अनुकूल परिवेश होगा, जिससे बच्चे अपनी मां को छोड़कर खेल में व्यस्त हो जाए, ताकि मां शांति से अपनी पूरी बात पुलिस से बता सके। इसके अलावा महिलाओं के लिए, अलग से बड़ा रूम व शौचालय की व्यवस्था होगी। कहा कि महिला थाना को आज के परिवेश के अनुसार आधुनिकीकरण में लाना अति आवश्यक है। मौके पर बाघमारा एसडीपीओ आनंद ज्योति मिंज, कतरास अंचल निरीक्षक विष्णु प्रसाद राउत, महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी आदि थीं।


**e-Procurement Cell**
**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**Tender Reference No.- 28/2024-25**

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakhs) | Earnest Money (Lakhs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माण्डर प्रखण्ड के डी0ए0भी0 स्कूल से गुणा उरॉव के घर तक 4950 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 9936400.00 | 2.00 | 10,000.00 | 09 Month | कार्य के अनुरूप |
| 2 | चान्हो प्रखण्ड के ग्राम हुटरी में मुख्य रोड से बुची डाडी तक 4620 फीट पी0सी0सी0 पथ एवं 03 आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण | 9810300.00 | 2.00 | 10,000.00 | 09 Month | कार्य के अनुरूप |
| 3 | लापुंग प्रखण्ड के राजकीय कृत +2 हाई स्कूल लापुंग में दो कमरा एवं पेभर ब्लॉक का कार्य<br>लापुंग प्रखण्ड के इंटरमीडिएट के आंगन में पेवर ब्लॉक निर्माण | 11582500.00 | 2.32 | 10,000.00 | 06 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 06.09.2024 at 11:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 06.09.2024 at 1:30 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 13.09.2024 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 18.09.2024 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e-Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***

Nodal Officer e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi

PR.NO.334562 NREP(24-25):D


## सिपाही बहाली के दौरान अभ्यर्थियों की मौत की हो निष्पक्ष जांच व कार्रवाई: हलधर महतो




**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत खरियो पंचायत से बुधवार को आजसू का जनजागरण पदयात्रा निकला। सबस पहले खरियो में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। जनजागरण पदयात्रा का नेतृत्व आजसू के कार्यकारिणी अध्यक्ष हलधर महतो कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार ने अपने कार्यकाल में केवल बालू, पत्थर, कोयला, लोहा और अभ्रक आदि खनिज संपदाओं को लूट एवं लुटवाया। आज टुंडी विधानसभा क्षेत्र में बालू माफिया हावी हैं। प्रशासन खनिज संपदा को लुटूवा रही है। उन्होंने राज्य में हो रहे उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली के दौड़ में अभ्यर्थियों की हो रही मौत की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सदानंद महतो ने कहा कि तोपचांची सुभाष चौक पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की स्थापना राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जल्द किया जाए। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद महतो, शेखर महतो, महेंद्र बरनवाल, टिंकू रजवार, सुभाष प्रसाद, नंदू रवानी, गोरचंद महतो, निमाई कुमार, मादो देवी, सोनिया देवी, उजाला देवी, उषा देवी, मीना देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, फुल मनी देवी, रीता देवी, रीना देवी, विनोद बिहारी महतो आदि मौजूद थे।



बुधवार को धनबाद परिसदन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सह सचिव शमशेर आलम के साथ झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब असलम अंसारी से एक शिष्टाचार मुलाकात हुई और प्रवासी मजदूरों की दशा पर चर्चा हुई। मौके पर वीरेंद्र गुप्ता, सिकंदर आजम, राजू अंसारी, जावेद अंसारी आदि मौजूद थे।

## उपेक्षित-वंचित वर्ग को जागरूक व कानूनी रूप से सशक्त बनाना ही उद्देश्य: न्यायाधीश

**मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, बिजली कर माफी के लिए लोगों ने लगाई गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



चलंत लोक अदालत में लोगों को कानून व सरकारी योजनाओं की जानकारी देते डालसा के अध्यक्ष व अन्य गणमान्य सदस्य।

**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को चलंत लोक अदालत कलियासोल ब्लॉक के बेनागरीया पंचायत पहुंचा। जहां दिव्यांगता, वृद्धा और विधवा पेंशन व जमीन का दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया। इस दौरान समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट व सहायक कांउसिल शैलेंद्र झा ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर एलइडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है। उनके घर जाकर समस्याओं को सुन रही और मौके पर समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रही है। वहीं, पत्रकारों से बात करते हुए धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने कहा कि डालसा का उद्देश्य उपेक्षित और वंचित वर्ग के लोगों को निष्पक्ष और सार्थक न्याय सुनिश्चित कराने के लिए एक समावेशी न्याय प्रणाली को बढावा देना है, ताकि समाज से उपेक्षित और बहिष्कृत समूहों को प्रभावित कानूनी प्रतिनिधित्व, कानूनी साक्षरता और जागरूकता प्रदान करते हुए हकदार लाभार्थियों के बीच के अंतर को भरते हुए उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। इसी कड़ी में चलंत लोक अदालत को सोमवार को रवाना किया गया था, जो 30 सितंबर तक जिले के सभी ब्लॉक और पंचायत का भ्रमण कर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता फैलाएगी। उन्होंने बताया कि बेनगड़ीया पंचायत में आज 27 लोगों से मईया सम्मान योजना, 13 अबुआ आवास और दो बिजली बिल माफी से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर जल्द कार्रवाई होगी।


झारखण्ड सरकार
**कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा
☎ 06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | दिनांक 11.09.2024 को कार्यालय अवधि में। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.09.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.09.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | परिमाण विपत्र की विक्री की स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०.2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची ।<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल,कोडरमा। |
| 6 | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | 1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण छात्रावास सं०.2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची<br>2. अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग।<br>3. कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा। |

7. कार्य की विवरणी :–

| क्र० सं० | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपय में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हजारीबाग | कोडरमा | Emergent Traffic Restoration in Pataldih- Deori- Gawan- Satgawan Road (MDR-84) from Km 0.00 to 30.567 Km (Total Length =30.567 km) under Road Division, Koderma for the Year 2024 -25 (Under Vivekadhin ) | 642010.00 | 13000.00 | 1250.00 | 02(दो) माह |
| 2 | | | Emergent Traffic Restoration in Doranda- Sankh- Vendro - Patna Road (MDR-114) from Km 0.00 to 22.40 (Total Length =22.40km) under Road Division, Koderma for the Year 2024 -25 (Under Vivekadhin) | 904748.00 | 18100.00 | 1250.00 | 02(दो) माह |

➢ निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

1. प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है।
2. कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण पत्र, GSTiN, UCAN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
3. PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतम दर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 334671 Road (24-25)_D


## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगा विज्ञान मेला, बाल वैज्ञानिकों को अतिथियों ने सराहा



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह बाजार अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को विज्ञान मेला आयोजित हुआ। जिसमें राजेंद्र हाई स्कूल के प्रधानाचार्य संजय कुमार, आचार्य जितेंद्र प्रसाद, अरविंद भूषण डे, सचिव अनिल अग्रवाल एवं चलकारी शिशु मंदिर के विज्ञान आचार्य सीमांत नायक आदि उपस्थित हुए। विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने नन्हें प्रयोग से सबको चौंका दिया। मैं उन नन्हें वैज्ञानिकों से सीखने आया हूं। बताया कि विज्ञान मेला में कक्षा द्वितीय से 10वीं तक के 152 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह तीन वर्गों शिशु, बाल और किशोर वर्ग में विभाजित थे। विद्यार्थियों ने विज्ञान के अलग-अलग आकर्षक प्रदर्शन प्रस्तुत किया। शिशु वर्ग में प्रथम प्रियांशु केसरी व अनुज कुमार, द्वितीय मन्नत वर्मन व कीर्ति कुमारी और तृतीय स्थान पर आकांक्षी कुमारी व अश्वनी कुमारी रही। जबकि बाल वर्ग में प्रथम आदित्य कुमार व सावन कुमार, द्वितीय मनीषा कुमारी व रिश्ता कुमारी और तृतीय स्थान पर अनमोल कुमार व संतन कुमार रहे। वहीं, किशोर वर्ग में प्रथम वर्षा कुमारी व प्रियंका कुमारी, द्वितीय राहुल कुमार व कलश अग्रवाल और तीसरे स्थान पर कृतिका कुमारी एवं अनु कुमारी रहीं। प्रधानाचार्य रमेश कुमार, उपाध्याय एवं विज्ञान आचार्य सुभाष सुभाष चंद्र ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर रुबीना विश्वकर्मा, महेंद्र मंडल, सुरेश श्रीवास्तव, काजल कीरित, पिंकी, शकुंतला, खुशबू, श्वेता, शिवानी सिन्हा, महारानी कश्यप, सुमित श्रीवास्तव, अरुण और अंकित आदि थे।

## तोपचांची में चोरी की बढ़ती घटनाओं के विरोध में थाना के समक्ष जदयू का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तोपचांची/कतरास।** तोपचांची थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं के विरुद्ध में बुधवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह व जदयू धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, संचालन सूरज कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सुखदेव दास ने किया। इस मौके पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि पिछले दो माह में तोपचांची क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से अधिक गरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। पर पुलिस एक भी घटना का उद्भेदन नहीं कर पायी है। कहा कि अपराधियों की धर-पकड़ के लिए जिला पुलिस-प्रशासन द्वारा स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जाना चाहिए। इस दौरान 111 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया। मौके पर जदयू नेता सहदेव प्रसाद सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी, अशोक कुमार दास, संजय दे, तारा बाबू, फुलचंद दास, अमित दास, सीता देवी, अंजू देवी आदि उपस्थित थे।


प्रपत्र VII
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
संख्या–704/भू0अ0 दिनांक–31/08/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–बगडो से महेशपुर चौक भाया मसमोहना सड़क चौड़ीकरण निर्माण हेतु ग्राम–बगरीडीह थाना–डोमचाँच, थाना सं0–356, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में कुल–0.0670 एकड़ यानि–0.0271 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–0.0670 एकड़ यानि–0.0271 हेक्टेयर है और जो ग्राम–बगरीडीह थाना–डोमचाँच, थाना सं0–356, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

ग्राम–बगरीडीह थाना–डोमचाँच, थाना सं0–356, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 द0 पू0 प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37 | 497 | रैयती | टांड | 0.0050 | अज्ञात | उ0–प्लॉट नं0–496,472<br>द0–अंश भाग<br>पू0–प्लॉट नं0–672<br>प0–प्लॉट नं0–498 |
| 2 | 67 | 502 | रैयती | टांड एक | 0.0350 | मो0 खलील वो अब्दुल जलील पिता–पोखन मियां | उ0–अंश भाग<br>द0–रास्ता<br>पू0–प्लॉट नं0–503<br>प0–सीमाना बगडो |
| 3 | 58 | 560 | रैयती | टांड | 0.0100 | कलीम उद्दीन पिता–सहमली मियां | उ0–सीमाना धुमाडीह<br>द0–प्लॉट नं0–566<br>पू0–अंश भाग<br>प0–प्लॉट नं0–559 |
| 4 | 46 | 570 | रैयती | परती कदीम | 0.0170 | मकसुद मियां पिता–छटु मियां वो मोहिउद्दीन पिता–गफुर मियां वो इब्राहीम मियां पिता–चोलो मियां | उ0–प्लॉट नं0–559<br>द0–प्लॉट नं0–559<br>पू0–अंश भाग<br>प0–प्लॉट नं0–559 |
| | | | | कुल:– | 0.0670 | (एकड़) | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/3013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–

ग्राम–बगरीडीह थाना–डोमचाँच, थाना सं0–356, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा कुल रकवा–0.0670 एकड़ यानि–0.0271 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं:–शून्य

ह0/–
समुचित सरकार–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 334657 Land Reforms(24-25).D


## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 10 सितंबर को धनबाद में

### 'जनसंवाद आपके साथ' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर करेंगे बैठक

**कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसकर मैदान में उतरने का देंगे निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** 'जनसंवाद आपके साथ' कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह और संचालन कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी ने किया। इस अवसर पर संतोष सिंह ने बताया कि 10 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश धनबाद आ रहे हैं। वह संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत सभी जिले में कार्यक्रम कर रहे हैं जिसकी तैयारी को लेकर इस दिन बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देख्य विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा है। कहा कि धनबाद से इस बार कांग्रेस सभी विधानसभा सीटों पर भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। वहीं, रशीद राजा अंसारी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में कोई कमी नहीं रहेगी। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, महासचिव मदन महतो, सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम, उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह जोगी, नवनीत नीरज, मंटू दास, रवी रंजन सिंह, सुधांशु शेखर झा, दिनेश यादव, जावेद रजा, अजय कुमार, डीएन यादव, रोशन कुमार, महेंद्र कुमार दुबे, रणधीर ठाकुर, दिनेश सिंह, बबलू दास, दिनेश यादव, अख्तर खान गुड्डू, माधव सिंह, संतोष चौधरी, डॉ संतोष राय आदि मौजूद थे।

## चास व बेरमो अनुमंडल में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन 10 को



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड रांची के महानिदेशक व पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर आम जनता की शिकायतों के निराकरण को लेकर जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजित किया जाना है। इसे लेकर चंदनकियारी, बरमसिया, अमलाबाद एवं भोजूडीह में जनता की शिकायतों के समाधान कार्यक्रम को लेकर 10 सितंबर को चंदनकियारी अंचल कार्यालय में बोकारो के पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश की अध्यक्षता में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आमजन उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायतों को रख सकते हैं। उक्त जानकारी नगर डीएसपी अमरेश गुप्ता ने बुदवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 05 सितंबर, 2024
www.azadsipahi.in



# जेएसएल की सुरक्षाकर्मी को आइएसए का लैंगिक विविधता पुरस्कार मिला

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** इंडियन स्टील एसोसिएशन (आइएसए) ने बुधवार को जिंदल स्टेनलेस के जाजपुर संयंत्र के सुरक्षा विभाग की कमांडो टीम की सदस्य सागरिका सोरेन को जेंडर एंड डायवर्सिटी श्रेणी में प्रतिष्ठित। विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार से सम्मानित किया। नयी दिल्ली में आयोजित भारतीय इस्पात सम्मेलन के 5वें संस्करण में इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने जबरदस्त नेतृत्व व सूझबूझ के दम पर कई लोगों के लिए प्रेरणा बनीं सोरेन को पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने विपरीत परिस्थितियों में दृढ़ संकल्प एवं लचीला रुख दिखाने के लिए सोरेन को ज्यूरी स्पेशल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक, अभ्युदय जिंदल ने पुरस्कार विजेता की सराहना करते हुए कहा, सागरिका सोरेन को आइएसए से पुरस्कार मिलते देखना सम्मान की बात है। उनका समर्पण, नेतृत्व और साहस प्रेरणादायक है। सागरिका सोरेन ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह इस विश्वास का प्रमाण है कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकती हैं, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। जिंदल स्टेनलेस में मुझे मिले समर्थन और अवसरों के लिए मैं आभारी हूं। मैं दूसरों को साहस व दृढ़ संकल्प के साथ कुछ कर दिखाने के लिए प्रेरित करने को लेकर प्रतिबद्ध हूं।

## न्यू सरस्वती हाउस पब्लिकेशन की शारीरिक शिक्षा पर कार्यशाला



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारत के अग्रणी शैक्षिक प्रकाशन गृह न्यू सरस्वती हाउस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक सितारा होटल में 'शारीरिक शिक्षा' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ वीके शर्मा ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को शारीरिक शिक्षा प्रदान करने की बहुत आवश्यकता है और सभी को इसका ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर कटक और भुवनेश्वर के डीएवी स्कूल सहित सीबीएसई पाठ्यक्रम से संबद्ध चालीस स्कूलों के शिक्षकों ने सवाल-जवाब सत्र में भाग लिया और कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में महाप्रबंधक संतोष कुमार, सब्यसाची पटनायक, कुणाल कुमार, तपन कुमार दास और प्रकाशन की ओडिशा शाखा के ओम प्रकाश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा धनवार और डोरंडा मंडल की बैठक



धनवार, गिरिडीह (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के धनवार और डोरंडा मंडल में अलग-अलग बैठक कर मंडल स्तरीय कार्यसमिति की एक कामकाजी बैठक की गयी। इसमें भाजपा नेता सह पूर्व आई जी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा क्षेत्र में किये गये विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने एवं छूटे हुए लोगों को लाभान्वित करवाने के लिए आप अच्छा प्रयास कर रहे हैं। कहा कि आपको इस कार्य में और मेहनत करने की जरूरत है, ताकि आम आवाम को पूर्ण रूपेण लाभ मिल सकें। बैठक में बूथ को मजबूत करने के लिए भी कई निर्देश दिया। इस क्रम में धनवार मंडल की बैठक साहू धर्मशाला धनवार में हुई, जबकि डोरंडा मंडल की बैठक शिव दुर्गा न्यास डोरंडा स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में हुई। इसमें सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बीजेडी सरकार ने जूट के थैले वितरण पर लगभग 247 करोड़ रुपये खर्च किये



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजद सरकार ने राज्य में 5टी जूट के थैले बांटने में कितना पैसा खर्च किया। पूर्व सरकार 2024 के आम चुनावों से पहले जूट के थैले के साथ-साथ प्रति परिवार को1000 रुपये वितरित कर रही थी। इसके लिए जिलावार से किस जिले में कितना पैसा खर्च हुआ, इसकी जानकारी मांगी गयी। विधायक अमरेंद्र दास ने पूछा कि क्या इससे वंचित लोगों के लिए कोई प्रावधान है। खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता कल्याण मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने सदन में लिखित जवाब दिया। आम ओड़िशा नवीन ओड़िशा जूट के थैले राज्य के लगभग सभी निर्वाचन क्षेत्रों में वितरित किए गए थे। मंत्री ने कहा कि इस पर कुल 247 करोड़ 36 लाख 64 हजार 297 रुपये खर्च किये गये हैं। इसको लेकर एक सूची भी दी गयी है। इस क्रम में प्रति परिवार को 1000 रुपये प्रदान किया गया था इस के लिए 959 करोड़ 5 लाख 26 हजार रुपये खर्च किए गये हैं।


## केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने पुरी जिले के बर्ड फ्लू प्रभावित इलाकों का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राज्य में बर्ड फ्लू का संक्रमण बढ़ने के कारण आज एक केंद्रीय प्रतिनिधि टीम पुरी जिले के विभिन्न बर्ड फ्लू संक्रमित क्षेत्रों का दौरा कर रही है। जबकि केंद्रीय टीम में 10 सदस्य हैं, राज्य पशुपालन विभाग के निदेशक के साथ-साथ पशु चिकित्सा और पशुपालन अधिकारी भी केंद्रीय टीम के साथ यात्रा करते नजर आ रहे हैं। केंद्रीय टीम ने पिपिली के सत्यवादी, नीमापड़ा, डेलांग और मोटरि इलाकों का दौरा करेंगे, लेकिन सबसे पहले नीमापड़ा के बुढाकेरा इलाके का दौरा किया। गौरतलब है कि केंद्रीय टीम के सदस्य बर्ड फ्लू से प्रभावित किसानों से भी बातचीत करते नजर आ रहे हैं। पता चला है कि बर्ड फ्लू से प्रभावित 4 ब्लॉक इलाके में 45 हजार से ज्यादा मुर्गियों को मारा गया है।


## माओवादियों का भंडाफोड़, भारी मात्रा में माओ सामग्री जब्त



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एसओजी जवान द्वारा बौध-कंधमाल सीमांत उमा पंचायत अंतर्गत टुडीबाहाल जंगल में माओ शिविर का भंडाफोड़ किया। खबर पाकर 28वीं बटालियन के एसओजी जावन टुडीबाहाल जंगल में गये। जवान को देखकर माओ शिविर से भाग गये। घटनास्थल से माओवादियों का ड्रेस, दवा, सलाइन और विस्फोटक जब्त कर लिया गया है। एसपी राज प्रसाद ने जानकारी दी कि घटनास्थल से एक एसएलआर, 303 12 बोर की बंदूक के साथ-साथ भारी मात्रा में माओ सामग्री जब्त की गयी है।बौध जिले के एसपी राज प्रसाद ने जानकारी दी। खबरों के अनुसार, मालकानगिरी जिले की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में कल पुलिस-माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई। यह बताया गया कि पुलिस मुठभेड़ों में 9 से अधिक हार्डकोर माओवादी मारे गए। पुलिस ने घटनास्थल से एक एसएलआर, 303 12 बोर की बंदूक के साथ-साथ भारी मात्रा में माओ सामग्री जब्त की है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**